## सक्षिप्त खबरें.......

### अवध विवि में प्रवेश के लिए आनलाइन आवेदन 30 तक

अयोध्या।(एजेंसी) डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के विभिन्न कोर्सो में प्रवेश के लिए ऑनलाइन तिथि बढ़ाई गई। अब अभ्यर्थी स्नातक, परास्नातक, वोकेशनल, पीजी डिप्लोमा, डिप्लोमा व सर्टिफिकेट के संग संघटक राजकीय महाविद्यालयों के समस्त कोर्सों व सम्बद्ध महाविद्यालयों में संचालित एलएलबी त्रिवर्षीय एवं पंचवर्षीय, एमएड, बीपीएड, एमपीएड कोर्सो में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन 30 जून तक सकेंगे। इससे पहले विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा अंतिम तिथि 15 जून निर्धारित की गई थी। वहीं सम्बद्ध महाविद्यालयों में संचालित एलएलबी त्रिवर्षीय एवं पंचवर्षीय, एमएड, बीपीएड, एमपीएड कोर्सो में प्रवेश हेतु अभ्यर्थियों को ऑनलाइन आवेदन करना होगा। इसके बिना अभ्यर्थियों को परिसर एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों में संचालित कोर्सो में प्रवेश नही दिया जायेगा। विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. प्रतिभा गोयल के निर्देश पर विभिन्न कोर्सों में प्रवेश आवेदन की तिथि विस्तारित किए जाने से संबंधित पत्र जारी कर दिया गया है। जिनमें स्नातक अंतिम वर्ष की परीक्षा में शामिल अभ्यर्थी भी परास्नातक में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन की सूचना विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड है। आवासीय प्रवेश समन्वयक प्रो0 शैलेन्द्र कुमार ने बताया कि परिसर के कोर्सो के साथ संघटक राजकीय महाविद्यालय तथा सम्बद्ध महाविद्यालयों में संचालित एलएलबी त्रिवर्षीय एवं पंचवर्षीय, एमएड, बीपीएड व एमपीएड कोर्सो में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन की तिथि 30 जून तक विस्तारित की गई है। अभ्यर्थी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर जानकारी प्राप्त कर सकते है।

### योग पद्धति को अपना रहा पूरा विश्वः डा. बिजेन्द्र सिंह

कुमारगंज–अयोध्या(एजेंसी)। आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय में विश्व योग दिवस के उपलक्ष्य में "योगासन, ध्यान एवं योगिक क्रियाओं" पर एक दिवसीय योग की कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्घाटन कुलपति डॉ. बिजेंद्र सिंह ने किया। कुलपति ने कहा कि आज देश ही नहीं पूरी दुनिया हमारे योग पद्धति को अपना रही है। योग करने से हमारा तन एवं मन दोनों स्वस्थ रहता है। उन्हेंने कहा कि योग के निरंतर प्रयास से कई शारीरिक बीमारियों से बचा जा सकता है। राजस्थान से पहुंची प्रशिक्षक डॉ. रीतू मेहता तथा अयोध्या के डॉ. अनुराग सोनी ने प्राणायाम के ऊपर व्याख्यान एवं प्रशिक्षण दिया। विश्वविद्यालय के समस्त शिक्षकों, वैज्ञानिकों एवं छात्र–छात्राओं को योगासन, ध्यान, प्राणायाम एवं योग क्रियाओं का अभ्यास कराया गया। डा. रीतू ने बताया कि योग ऐसी विद्या है जिससे मनुष्य अपने जीवन को निरोगी काया के रूप में बचाए रख सकता है। उन्होंने ग्रामीणों से आग्रह किया कि वे अपने जीवन का कुछ समय योग के लिए अवश्य निकालें। इस दौरान योग करके विभिन्न बीमारियों से बचने के तौर–तरीकों के बारे में भी जानकारी दी गई। इस कार्यशाला में लगभग 200 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। डॉ. दिवाकर सिंह डॉ. भानु प्रताप, डॉ. देवनारायण, डॉ. ज्योति सरोज ने भी अलग–अलग विषयों पर व्याख्यान एवं अभ्यास कराया। छात्र कल्याण अधिष्ठाता डा. डी.के दिवेदी के संयोजन में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजक सचिव डा. दिवाकर सिंह ने कार्यक्रम को सफल बनाने में योगदान दिया। इस मौके पर विश्वविद्यालय के समस्त अधिष्ठाता, निदेशक, शिक्षक, कर्मचारी एवं छात्र–छात्राएं मौजूद रहे।

### हनुमानगढ़ी तिराहे पर लगे पानी के बूथों का महापौर ने किया निरीक्षण




अयोध्या(एजेंसी)। श्रद्धालुओं तथा आम जनमानस को शीतल पेयजल उपलब्ध कराने को लेकर नगर निगम द्वारा हनुमान गढ़ी तिराहे पर लगाए गए पानी के बूथों का महापौर महंत गिरीश पति त्रिपाठी ने निरीक्षण किया। उन्होनें उपलब्ध पेयजल की गुणवत्ता परखी। महापौर ने नगर निगम के अधिकारियों को पानी के बूथों के अगल–बगल साफ–सफाई नियमित रूप से करवाए जाने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने कहा इस समय भीषण गर्मी पड़ रही है। जिसके कारण ठंडा जल सभी की मूलभूत आवश्यकता है। नगर निगम क्षेत्र में आम जनमानस व श्रद्धालुओं को शुद्ध एवं स्वच्छ पेय जल उपलब्ध कराने के लिए हम कटिबद्ध है। अयोध्या धाम क्षेत्र में पेयजल के लिए 90 वाटर कूलर तथा वाटर क्यूआस नगर निगम द्वारा लगाए गए हैं। भीषण गर्मी को देखते हुए नगर निगम ने जन अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए कदम उठाए हैं। नगर निगम क्षेत्र में कई स्थानों पर शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के लिए पानी के बूथ स्थापित किए गए है। उन्होंने बताया कि बरसात से पूर्व जल भराव से निपटने के लिए नालों की सफाई कराने के निर्देश दिए गए है। नालों से निकलने वाली सिल्ट को तुरन्त हटाने को कहा गया है। टूटी नालियों की मरम्मत करवाई जा रही है। अयोध्यावासियों को वैश्विक स्तर की सुविधाएं देने के लिए नगर निगम प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर अपर नगर आयुक्त वागीश शुक्ला, अपर नगर आयुक्त अनिल सिंह, जल कल महाप्रबंधक महेश चंद्र आजाद, अधिशासी अभियंता अनूप सिंह व जेई शशि कला सहित नगर निगम के कर्मचारी व अधिकारी मौजूद रहे।

### कांग्रेसियों ने केक काटकर मनाया राहुल गांधी का जन्मदिन

अयोध्या।(एजेंसी)कांग्रेस पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी के जन्मदिन को कांग्रेसियों ने उत्साह और उल्लास के साथ मनाया।इस अवसर पर कांग्रेस कार्यालय कमला नेहरू भवन पर केक काटा गया तथा राहगीरों को लड्डू और जल वितरण किया गया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा नफरत, हिंसा और अहंकार की राजनीति के खिलाफ पूरे देश में विपक्ष की आवाज बनकर उभरे राहुल गांधी। उनके नेतृत्व में कांग्रेस दिन प्रतिदिन मजबूत होती जा रही है ।उन्होंने पार्टी में युवा और नए चेहरों को तवज्जो देने का प्रयास किया। महानगर अध्यक्ष वेद सिंह कमल ने कहा राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा ने इस देश को मोदी की तानाशाही के खिलाफ आवाज उठाने का साहस प्रदान किया।उन्होने देश को अपने कदमों से नाप कर न्याय,एकता और मोहब्बत का संदेश देने का प्रयास किया। पूर्व जिला अध्यक्ष राजेंद्र प्रताप सिंह ने राहुल गांधी को जन्मदिन की बधाई देते हुए कहा कि संवैधानिक मूल्यों के प्रति उनकी अटूट प्रतिबद्धता और विपरीत परिस्थितियों में उनका अदम्य साहस सराहनीय है. । जिला प्रवक्ता सुनील कृष्ण गौतम ने राहुल गांधी को दृढ़ इच्छा शक्ति वाला साहसिक व्यक्ति बताते हुए कहा कि राहुल गांधी दया और सद्भाव का संदेश फैलाते हुए राजनीतिक सत्ता के लिए सच बोलना जारी रखें और लाखों भारतीयों की आवाज बनें। उनकी राजनीति सामाजिक समानता पर आधारित है।

# सरकार अयोध्या के विकास की गति को करेगी और तेजः गिरीशपति त्रिपाठी

## -अयोध्या के लोग साधु संत व्यापारी आने वाले श्रद्धालुओं के स्वागत के लिए तैयार



अयोध्या।(एजेंसी) सर्किट हाउस में बुधवार को आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान सोशल मीडिया पर अयोध्या को लेकर फैलायी जा रही अफवाह पर महापौर महंत गिरीश पति त्रिपाठी ने कहा कि अयोध्या नगर निगम के क्षेत्र के 275 बूथ में भाजपा के प्रत्याशी को लगभग 72 हजार मत व सपा के प्रत्याशी को 52 हजार मत प्राप्त हुए है। जिससे अयोध्या के जनमानस में भाजपा के प्रति जबरदस्त उत्साह व सोशल मीडिया पर फैलायी जा रही अफवाह गलत स्पष्ट होती है। अयोध्या लोग साधु संत व्यापारी आने वाले श्रद्धालुओं के स्वागत के लिए तैयार है। किसी भी अफवाह पर ध्यान ना दे अयोध्या आए, उनका स्वागत अयोध्या के लोग पूरे श्रद्धा के साथ करेंगे और हमारी सरकार अयोध्या के विकास की गति को और तेज करेगी। मैं सभी का आभार व्यक्त करता हूं। उन्होंने कहा कि केंद्र की एनडीए एवं उत्तर प्रदेश सरकार अयोध्या को वैश्विक पटल पर स्थापित करने के लिए विकास कार्यों के लिए कृत संकल्पित है। मैं अयोध्या के महापौर के दायित्व के नाते यह समस्त नागरिकों एवं अयोध्यावासियों को आश्वस्त करता हूं कि जन भावनाओं की अपेक्षा अनुसार अयोध्या के विकास कार्य को निरंतर गतिमान रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री अयोध्या के विकास के लिए कृत संकल्पित है, शासन प्रशासन एवं नगर निगम के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया गया है कि आम जनमानस के भावनाओं का ध्यान रखते हुए जनसमस्याओं का चरणबद्ध एवं न्यूनतम समय अंतराल में निराकरण करते हुए शीघ्रातिशीघ्र विकास केन्द्रित समस्त योजनाओं को पूर्ण किया जाए।

उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में हमें अपेक्षित परिणाम नहीं मिला। हो सकता है कि हम ग्रामीण क्षेत्रों में अयोध्या की भावना को न पहुंचा पाये हो। हम अपनी कमियों व गल्तियों का आत्मचिंतन सकारात्मक तरीके से करके आगे बढ़ेंगे। अयोध्या में जिस तरह से लगभग 30 हजार करोड़ का एतिहासिक निवेश हुआ है। यह इस बात का उदाहरण है कि अयोध्या को लेकर हमारा नेतृत्व कितना गम्भीर है। एक नगरी में निवेश का इतना बड़ा उदाहरण शायद ही दूसरा हो। अयोध्या में रोजगार के साधन बढ़े है। यहां के व्यापारियों की आमदनी कई गुना बढ़ गयी है। उन्होंने कहा कि अयोध्या केवल विकास व सड़को के लिए नहीं जानी जाती है। सनातन धर्म में अयोध्या की आध्यात्मिक व सांस्कृतिक भूमिका रही है। अयोध्या हमारे आराध्य की जन्मस्थली है। ऐसे आराध्य जिन्होंने अपनी जीवन शैली व मर्यादा से पूरे विश्व को संदेश दिया। अयोध्या को हम केवल चुनाव परिणाम व राजनैतिक दृष्टि से नहीं देख सकते। अयोध्या की भूमिका केवल उत्तर प्रदेश व देश तक नहीं सीमित है। अयोध्या ने विश्व की संस्कृति को रास्ता दिखाने का कार्य किया है। हम फिर से अयोध्या का संदेश वैश्विक स्तर पर देने के लिए प्रस्तुत है।

उन्होंने कहा कि अयोध्या आने वाले तीर्थयात्रियों के मन में यहां की कोई नकारात्मक छवि नहीं होनी चाहिए। प्राण प्रतिष्ठा के बाद अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं का जिस प्रकार से स्वागत हुआ, इस स्वागत के बारें मुख्यमंत्री स्वयं अपने सम्बोधन में कह चुके है। उन्होंने कहा कि नगर निगम अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओ व पर्यटको के लिए उच्च श्रेणी की सुविधाएं देने के लिए प्रतिबद्ध है। इसके लिए लगातार जनअपेक्षाओं को पूरा करने के लिए कार्य किया गया है। श्रद्धालुओं को प्राथमिकता के आधार पर बुनियादी सुविधाएं प्रदान की गई है। इसको लेकर सभी स्टैण्डर्ड व मापदंड को पूरा किया गया है।

## अयोध्या का विकास होगी प्राथमिकताः अवधेश प्रसाद

### -सपा महानगर कमेटी ने नवनिर्वाचित सांसद का किया भव्य स्वागत




अयोध्या।(एजेंसी) समाजवादी पार्टी महानगर कमेटी द्वारा नवनिर्वाचित सांसद अवधेश प्रसाद का पार्टी कार्यालय लोहिया भवन गुलाबबाड़ी पर भव्य स्वागत हुआ,कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीचंद यादव व संचालन महानगर महासचिव हामिद जाफर मीसम ने किया,इस अवसर पर नवनिर्वाचित सांसद अवधेश प्रसाद में कहां की यह जीत आम जनता की जीत समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं की जीत पार्टी नेतृत्व के फैसले की जीत है श्री प्रसाद कहां की समाजवादी पार्टी का कार्यकर्ता बहुत ही मजबूती के साथ लोकसभा चुनाव जीतने का काम किया उनके मान सम्मान के लिए मैं सदैव उनके साथ खड़ा रहूंगा श्री प्रसाद ने कहा कि मेरी प्राथमिकता होगी अयोध्या का विकास है पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे पवन ने कहा कि समाजवादी पार्टी राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव की कार्यकाल में जो विकास का कार्य हुआ है जनता ने उस विकास कार्य को आज भी सराहना कर रही है उन्होंने कहा की हमेशा समाजवादी पार्टी आम जनता के दुख दर्द में उनके साथ खड़ी रहेगी सपा जिला अध्यक्ष पारसनाथ यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी कि जब भी प्रदेश में सरकार बनी पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने सर्व समाज को साथ लेकर काम किया है , कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे महानगर उपाध्यक्ष श्रीचंद यादव ने नवनिर्वाचित संसद का स्वागत करते हुए कहा कि यह जीत आम जनता की जीत उन्होंने आए हुए सभी नेताओं कार्यकर्ताओं का धन्यवाद आभार भी व्यक्त किया कार्यक्रम का संचालन महानगर महासचिव हामीद जाफर मीसम ने किया कि फैजाबाद लोकसभा चुनाव समाजवादी पार्टी के जितने से यह साबित कर दिया है की अयोध्या फैजाबाद अमन चौन की धरती है,इस मौके पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे, जिला अध्यक्ष पारसनाथ यादव,महानगर महासचिव हामिद जाफर मीसम,पर प्रदेश सचिव राम अचल यादव, हाजी असद, जिला प्रवक्ता बलराम यादव,बलराम मौर्या, महानगर उपाध्यक्ष रियाज अहमद, जिला उपाध्यक्ष अकीब खान, जय प्रकाश यादव,महानगर सचिव जगन्नाथ यादव, वीरेंद्र गौतम,, तौसीफ खान सरकार, अजय यादव, शक्ति जयसवाल, विजय यादव, प्रदीप निशात,अक्षत श्रीवास्तव, अहमद जमीर सैफी, राहुल यादव पिंटू रोहित यादव भल्लू पार्षद विशाल पाल टिंकू वकार अहमद, कृष्ण गोपाल यादव, लुल्लूर यादव, जगत नारायण यादव, महेंद्र शुक्ला, मुकेश कोरी, रामभवन यादव, औरंजेब खान, कमलेश सोलंकी, राम अजोर यादव, रिजवान हसनैन, मो जैगम,महंत अनिल मिश्रा, जिला अध्यक्ष अधिवक्ता शावेज जाफरी, दान बहादुर सिंह, डा घनश्याम यादव, ध्रुव गुप्ता,राजू यादव, प्रदेश उपाध्यक्ष छात्र सभा, मो सुहैल,शिवांशु तिवारी, सिकन्दर चौधरी, शिवशंकर शिवा,भगवानदीन निषाद, सरोज यादव, अपर्णा जयसवाल, निशा खान, मंजू रावत, छोटेलाल यादव, ब्रिजेश सिंह चौहान, लड्डू लाल यादव, सूर्यभान यादव,शाहबाज लकी।

## ग्रामीणों ने पकड़ा अबैध बालू लोड ट्रैक्टर, सूचना के बाद भी नही पहुँची वन विभाग की टीम

बीजपुर(सोनभद्र(एजेंसी)। क्षेत्र में धड़ल्ले से चल रहे अबैध खनन को रोकथाम के लिए अब ग्रामीण गोपी, रामप्यारे, अवधेश, किशोरी, पन्नालाल, जगदीश, हरिराम सहित अनेक ने खुद कमान सम्हाल लिए हैं मंगलवार की रात ग्यारह बजे डुमरचुआ निवासी श्यामसुंदर गुप्ता द्वारा दो ट्रैक्टर बालू लोड कर डोडहर गांव के जंगली रास्ते बीजपुर आ रहा था कि इसी बीच ग्रामीणों ने डोडहर तिराहे पर पकड़ लिया पूछताछ में ट्रैक्टर चालक अर्जुन और सुरेश ने बताया कि यह बालू जरहा के डिघुल नदी से लोड कर डोडहर बीजपुर में गिराने जा रहा हूँ। आक्रोशित ग्रामीणों ने दो ट्रैक्टर अबैध बालू पकड़ने की सूचना रात में ही डीएफओ रेणुकोट रेंजर जरहा सहित थाना बीजपुर के क्राइम इंस्पेक्टर को दिया साथ ही स्थानीय मीडिया के लोगों को भी फोन कर मौके पर बुला लिया लेकिन सम्बन्धितों की मिली भगत के तंत्र में दो घण्टा ग्रामीणों द्वारा हंगामा करने और ट्रैक्टरों को रोक कर रखने के बाद भी मौके पर प्रशासन से सम्बंधित कोई अधिकारी नही पहुँचा अंत मे लोगों ने थकहार कर ट्रैक्टर को छोड़ना मुनाशिब समझा।गौरतलब हो कि जरहा वनरेंज क्षेत्र की नदियों से अबैध खनन रात दिन धड़ल्ले से संचालित हो रहा है। तमाम शिकायत के बाद भी वन महकमा सहित खनिज विभाग चुप्पी साधे पड़ा है। दर्जनों ग्रामीणों ने बताया कि ट्रैक्टर और टीपर की गड़गड़ाहट से रात की नींद हराम हो गयी है इस लिए अब हम लोग खुद ट्रैक्टर पकड़ने की मुहिम छेड़ रखी है इस बीच अगर कोई अप्रिय घटना किसी के साथ घटती है तो उसके लिए सम्बन्धित विभाग जिम्मेदार होगा। इसबाबत डीएफओ रेणुकोट स्वतंत्र कुमार श्रीवास्तव कहते हैं कि अबैध खनन को रोकने के लिए पुलिस प्रशासन खनिज विभाग राजस्व विभाग से एसडीएम अगर आगे आएं तो वन विभाग भी सहयोग करने के लिए तैयार है।

## विश्व सिकल सेल दिवस पर जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन, राज्यमंत्री ने बाटे प्रमाण पत्र

दुद्धी, सोनभद्र(एजेंसी) ।सिकल सेल रोग वैश्विक स्तर पर तेजी से बढ़ता हुआ देखा जा रहा है, ये रक्त को प्रभावित करने वाली बीमारी है। इस रोग के कारण रक्त कोशिकाओं के भीतर हीमोग्लोबिन का स्तर प्रभावित होने लगता है। सिकल सेल रोग (एससीडी) सबसे आम वंशानुगत रक्त विकार है। रक्त वाहिकाओं में हीमोग्लोबिन की मात्रा महत्वपूर्ण है, इसी की मदद से आपके पूरे शरीर में ऑक्सीजन का संचार होता है। एससीडी के शिकार लोगों को कई प्रकार की स्वास्थ्य समस्याओं का जोखिम हो सकता है।उक्त बातें दुद्धी में आयोजित विश्व सिकेल सेल दिवस जागरूकता कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए सीएमओ डॉ अश्वनी कुमार ने कहीं। उन्होंने बताया कि सिकल सेल रोग के बारे में लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से 19 जून को विश्व सिकल सेल जागरूकता दिवस मनाया जाता है।इस रोग के बारे में जानकारी होना सभी के लिए जरूरी है।एससीडी के कारण रक्त कोशिका के आकार अर्धचंद्राकार में बदल जाता है और ये कोशिकाओं को कठोर बना देता है। इसके अतिरिक्त, सिकल के आकार की कोशिकाएं सामान्य आकार की लाल रक्त कोशिकाओं की तरह लंबे समय तक नहीं टिक पाती हैं जिससे रोगी में लाल रक्त कोशिकाओं की निरंतर कमी बनी रहती है सिकल सेल रोग के बढ़ते जोखिमों को देखते हुए वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट 2023 भाषण के दौरान साल 2047 तक इस रोग को भारत से जड़ से खत्म करने का लक्ष्य निर्धारित किया था। जुलाई 2023 में मध्यप्रदेश के शहडोल जिले में आयोजित एक कार्यक्रम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रीय सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन 2047 की शुरुआत की थी। सिकल सेल रोग को रोका नहीं जा सकता क्योंकि यह एक आनुवंशिक स्थिति है। यदि आप गर्भवती हैं आनुवंशिक परीक्षण के माध्यम से इसके खतरे का पता लगाने में मदद मिल सकती है। जिन बच्चों में इस रोग का निदान किया जाता है उन्हें उपचार के तौर पर दवाओं के साथ ब्लड ट्रांसफ्यूजन,बोन मैरो ट्रांसप्लांट और जीन थेरेपी की जरूरत हो सकती है।

### बिजली विभाग ने चेकिंग अभियान चलाकर 30 लोगों के काटे कनेक्शन,मचा हड़कम्प

बीजपुर(सोनभद्र(एजेंसी) ।नधिरा सबस्टेशन के बकरिहवा फीडर अंतर्गत इंजानी गाँव के टोला महमडं और लीलाडेवा गाँव मे बिजली विभाग ने बुधवार को मीटर रीडिंग और बकाया बिजली बिल को लेकर बृहद चेकिंग अभियान चलाया। अवर अभियंता महेश कुमार ने बताया कि महमडं में लगाए गए 16 केवीए ट्रांसफार्मर पर महज दो लोगों का बिल जीरो मिला बाकी वहां पर तीन लाख से अधिक बकाया बिजली बिल जमा नही हुआ था। इसी प्रकार लीलाडेवा गाँव मे लगाए गए 25 केवीए ट्रांसफार्मर पर महज तीन लोगों का बिल जीरो मिला बाकी लोगों पर दो लाख बकाया पड़ा मिला।

इस दौरान दोनों गाँवों में कुल 30 लोगों का बिजली कनेक्शन काटा गया

## राम मंदिर परिसर में एसएसएफ जवान को संदिग्ध परिस्थितियों में लगी गोली,मौत

### –पुलिस प्रथम दृष्टया मान रही आत्महत्या, कर रही जांच
### –अम्बेडकरनगर के सम्मनपुर थानाक्षेत्र के कजपुरा का था जवान



अयोध्या।(एजेंसी) श्रीराम जन्मभूमि सुरक्षा में तैनात एसएसएफ (स्पेशल सिक्योरिटी फोर्स) जवान को संदिग्ध परिस्थितियों में गोली लगने बाद अस्पताल से ट्रामा सेंटर पहुंचाया गया। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। 28 वर्षीय जवान शत्रुघ्न विश्वकर्मा पुत्र स्व. शिवपूजन विश्वकर्मा निवासी सम्मनपुर थानाक्षेत्र के कजपुरा (पिडैला) के आत्महत्या की यह कारण लोगों के समझ से परे है। एसएसपी राजकरण नैयर ने कहा कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का है। जांच के बाद ही कोई स्पष्ट जानकारी दी जा सकती है। मिली जानकारी के मुताबिक सम्मनपुर थानाक्षेत्र के कजपुरा (पिडैला) गांव निवासी शत्रुघ्न विश्वकर्मा जो एसएसएफ में तैनात थे। श्रीराम जन्मभूमि की सुरक्षा में थे। बुधवार भोर में संदिग्ध परिस्थितियों में डयूटी के दौरान सरकारी असलहे से गोली उनके सीने में लग गई। सुरक्षा कर्मियों ने आनन फानन में जिला अस्पताल पहुंचाया जहां डॉक्टरों ने हालत नाजुक देखते हुए अस्पताल से ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया है। सुरक्षा कर्मियों ने ट्रामा सेंटर पहुंचाया जहां जांच पड़ताल कर डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया है।

वहीं पुलिस की ओर से जवान के घर वालों को गम्भीर रूप से घायल होने की जानकारी दी गई। एसएसएफ जवान के गोली मारकर आत्महत्या करने की सूचना से राम जन्म भूमि परिसर में हड़कंप मच गया। थाना राम जन्म भूमि अन्तर्गत रामजन्म भूमि परिसर में हुई घटना पर एसएसपी राज करण नैयर का कहना है कि सुबह 5:15 बजे घटना की सूचना गार्ड कमांडर के द्वारा दी गई थी। गार्ड कमांडर ने बताया कि आरक्षी के द्वारा खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली गई है। घटना के बाद मेडिकल कॉलेज ले जाया गया था और डॉक्टरों ने मृत घोषित किया है। फिलहाल घटना के बाद जांच की प्रक्रिया जारी है। वहीं इलाहाबाद में प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे भाई दिलीप विश्वकर्मा ने पुलिस पर सही जानकारी न देने का आरोप लगाया था। मृतक जवान शत्रुघ्न विश्वकर्मा के 05 भाई और दो बहन रेनू व सीमा है। माँ जीतपति देवी का रो रो कर बुराहाल है। फिलहाल सभी को पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार है।

## मृगेन्द्र राज पाडे ने बनाया दसवां विश्व रिकार्ड



अयोध्या।(एजेंसी) अपनी नायाब लेखनी के दम पर डा राम मनोहर लोहिया अवध विश्व विद्यालय अयोध्या के निकट श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड के निवासी 17 वर्षीय मृगेन्द्र राज पांडे द्वारा विगत वर्षों से लगातार विश्व रिकॉर्ड बनाया जा रहा है । इस बार इस असाधारण बाल लेखक ने ऐसा लेखन किया है जो बड़े–बड़े प्रख्यात लेखकों के लिए भी कठिन होता है । विश्व की एक सौ एक महिला संतों पर एक सौ एक पुस्तकें लिख कर मृगेन्द्र ने दसवां विश्व रिकॉर्ड देश के नाम दर्ज कराया है।मृगेंद्र की यह उपलब्धि मात्र अयोध्या ही नहीं सम्पूर्ण देश के लिए गौरव का विषय है ।अनेक शीर्षस्थ संत जन, उद्योग पति, राजनेता, नौकरशाह ,अभिनेता के साथ विविध लेखक,कवि, शायर, विश्व विद्यालय के कुलपति आदि ने मृगेंद्र की अद्भुत सफलता पर बधाई दी है। क्षेत्र के अनेक सम्भ्रान्त लोगों ने बधाई देते हुए कहा कि मृगेंद्र जनपद अयोध्या का ऐसा कोहिनूर है जिसकी आभा एकदिन सम्पूर्ण विश्व को लाभान्वित करेगी। महज दो वर्ष की आयु मे ही अपनी चमत्कृत कर देने वाली प्रतिभा से लोगों का ध्यान अपनी ओर आकृष्ट किया था।अनेक विषयों के अति कठिन प्रश्नों का उत्तर शैशव काल मे ही बड़ी सहजता से देता देख जब कुछ समाचार पत्रों ने प्रकाशित किया तो लोगोंने इस बालक को दैवी प्रतिभा से सम्पन्न माना। बाद मे टेलीविजन चैनलों ने अनेक कार्यक्रम मृगेन्द्र पर बनाये। मृगेंद्र जहाँ एक तरफ बेहद उच्च कोटि के कवि हैं वहीं अच्छे लेखक, अनेक विषयों के उत्कृष्ट विद्वान भी हैं ।इस बाल लेखक को देश विदेश के अनेक कॉलेज और विश्व विद्यालयों मे लेक्चर देने हेतु आमंत्रित किया जाता है ।

सात वर्ष की उम्र मे मृगेंद्र ने उद्भव नाम से काव्य संग्रह लिख कर पहला विश्व रिकॉर्ड" यंगेस्ट पोयट ऑफ दि वर्ल्ड" हासिल किया। इसके बाद तो जैसे इस बच्चे को पंख लग गये और प्रतिवर्ष एक विश्व रिकॉर्ड बनाया जाने लगा। मृगेंद्र के नाम यंगेस्ट मल्टी डाईमेंसनल राइटर ऑफ दि वर्ल्ड" यंगेस्ट टू ऑथर मोर बायोग्राफी, यंगेस्ट टू ऑथर मोर कलेक्टर आफ रामायाण,यंगेस्ट टू ऑथर मोर फीमेल फ्रीडम फाइटर, यंगेस्ट टू ऑथर मोर रिवर, यंगेस्ट टू ऑथर मोर ऑनलाइन बायोग्राफी, यंगेस्ट प्रोलॉफिक राइटर ऑफ दि वर्ल्ड, यंगेस्ट टू ऑथर बायोग्राफी ऑफ उत्तर प्रदेश मिनिस्टर्स का वर्ल्ड रिकॉर्ड दर्ज है। गोंडा जनपद मे गन्ना विभाग मे सेवारत पिता राजेश पांडे तथा गनपत सहाय पोस्ट ग्रेजुएट कॉलेज सुल्तानपुर मे वनस्पति विज्ञान की शिक्षिका माँ डॉक्टर शक्ति पाण्डेय का यह एकलौता पुत्र आज देश की शान बन गया है और जल्द ही अपनी बेमिशाल प्रतिभा से देश का नाम अंतरराष्ट्रीयय पटल पर आभायमान करेगा।

## पति ने पत्नी पर बांके से किया हमला, इलाज के दौरान मौत

### - घटना से एक दिन पूर्व पति-पत्नी में किसी बात को लेकर हुई थी कहासुनी



सोहावल–अयोध्या(एजेंसी)। रौनाही थाना क्षेत्र के एक गांव में पति ने पत्नी पर सोते समय बर्बरता पूर्वक धारदार हथियार से हमला कर घायल कर देने का मामला सामने आया है। गंभीर रूप से घायल का सीएचसी के बाद से जिला चिकित्सालय रेफर किया गया जहां पर डाक्टरों ने मौत हो जाने की पुष्टि कर दी। घटना की सूचना पर पुलिस महकमें में हड़कंप मच गया मौके पर क्षेत्राधिकारी रूदौली आशीष निगम,थाना प्रभारी रौनाही पंकज सिंह, चौकी प्रभारी शेषनाथ सिंह व फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। मंगलवार रात लगभग बारह बजे पिरखौली ग्राम पंचायत के मजरे हजरत पुरवा निवासी ज्ञानचंद यादव पुत्र छेदीलाल यादव,पत्नी मालती 38 वर्ष एक बेटी कोमल व दो बेटे आदित्य,,अभय,के साथ घर पर सोया हुआ था। इसी बीच ज्ञानचंद यादव उठा और घर में रखे बाके से पत्नी पर हमलावर हो गया जिससे सिर हाथ में गंभीर चोटे आई और दो उंगली भी कट गयी। बचाओ बचाओ की आवाज सुन लड़की कोमल यादव बीच बचाव करने पहुंची तो हमलावर उस पर भी हमला कर दिया। परिवारजनों ने पुलिस को सूचना दिए बगैर घायल को सीएचसी के बाद जिला चिकित्सालय ले गये।वहां पर मालती यादव को डाक्टरों ने मौत हो जाने की पुष्टि की। थाना प्रभारी रौनाही पंकज सिंह ने बताया हमलावर पकड़ा गया है।



# उ0प्र0 में राहुल तो अन्य राज्यों में अखिलेश तलाश रहे हैं संभावनाएं

संजय सक्सेना ।

कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय का कहना है कि राहुल गांधी के निर्णय से उत्तर प्रदेश कांग्रेस को बड़ी ताकत मिली है। प्रदेश कांग्रेस की मांग पर उन्होंने अपनी परंपरागत सीट को चुना है, जिससे पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं में उत्साह है।लखनऊ। उत्तर प्रदेश की रायबरेली लोकसभा सीट से राहुल गांधी की जीत के बाद यूपी में पार्टी के लिये नई संभावनाएं तलाश रहा कांग्रेस आलाकमान और गांधी परिवार एक बार फिर प्रदेश में विस्तार के लिये कमजोर हो चुके संगठन को नए सिरे से खड़ा करने का प्रयास कर रहा है। राहुल गांधी ने भले ही समाजवादी पार्टी के वोट बैंक के सहारे रायबरेली से जीत हासिल की हो, लेकिन वह अपनी जीत को इस तरह से प्रचारित कर रहे हैं जैसे यूपी की जनता कांग्रेस को फिर से बीजेपी के विकल्प के रूप में देखने लगी है। राहुल गांधी ने केरल की वायनाड सीट से त्यागपत्र देकर रायबरेली सीट का संसद में प्रतिनिधित्व करने का निर्णय कर कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार किया है, अब यह ऊर्जा कब तक बरकरार रहेगी कोई नहीं जानता है। इस बार समाजवादी पार्टी से हाथ मिलाकर चुनाव लड़ रही कांग्रेस को यूपी में 06 लोकसभा सीटों पर जीत हासिल हुई थी। यूपी को लेकर राहुल गांधी की चपलता को आने वाले विधानसभा चुनाव के लिए बड़े संदेश के रूप में देखा जा रहा है। साढ़े तीन दशक से उत्तर प्रदेश में अपनी खोए जनाधार को तलाश रही कांग्रेस को अबकी लोकसभा चुनाव के नतीजों से नई उम्मीद जागी है। पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व की निगाह अब उत्तर प्रदेश पर सबसे अधिक है। बीजेपी ने आम चुनाव में काफी खराब प्रदर्शन किया था, इससे भी कांग्रेस में खुशी का माहौल है।

बहरहाल, यह एक पहलू है। दूसरा पहलू यह है कि समाजवादी पार्टी ने यूपी में कांग्रेस को वह सब कुछ दे दिया है जिसकी उसे वर्षो से दरकार थी, लेकिन अब अखिलेश इसकी कीमत वसूलना चाहते हैं। अखिलेश भी कांग्रेस से इस बात की अपेक्षा कर रहे हैं कि वह भी यूपी में बाहर उन राज्यों में उसको हिस्सेदारी दे जहां जल्द विधानसभा चुनाव होने हैं। कांग्रेस ने समाजवादी पार्टी को उसका हिस्सा नहीं दिया तो सपा प्रमुख अपनी साइकिल से कांग्रेस को उतारने में देरी नहीं करेंगे। सपा के सूत्र कह रहे हैं कि आम चुनाव के बाद यूपी में विधानसभा उपचुनाव में कांग्रेस–सपा का गठबंधन महाराष्ट्र और हरियाणा चुनाव पर निर्भर करेगा। अगर कांग्रेस इन दो राज्यों में सपा को सीट देने के लिए तैयार हुई, तभी सपा यूपी विधानसभा उपचुनाव में कांग्रेस के किसी दावे पर विचार करेगी। यूपी में शीघ्र ही विधानसभा की 10 रिक्त सीटों पर चुनाव होने हैं। इनमें से एक सीट सीसामऊ (कानपुर) से सपा विधायक इरफान सोलंकी को सजा होने से रिक्त हुई है, जबकि नौ विधानसभा सदस्य अब लोकसभा सांसद बन चुके हैं। सपा के चार विधायकों अखिलेश यादव, अवधेश प्रसाद, लालजी वर्मा और जियाउर रहमान बर्क की सीटें उनके लोकसभा सदस्य चुने जाने के बाद रिक्त हो गई हैं। अखिलेश वर्ष 2019 का विधानसभा चुनाव करहल, अवधेश प्रसाद मिल्कीपुर, लालजी वर्मा कटेहरी और जियाउर रहमान कुंदरकी से जीते थे। खैर से भाजपा विधायक अनूप प्रधान वाल्मीकि, गाजियाबाद से अतुल गर्ग और फूलपुर से भाजपा विधायक प्रवीण पटेल के भी लोकसभा सदस्य चुने जाने से अब यह स्थान खाली हो गए हैं। मझवा (मिर्जापुर) से निषाद पार्टी के विधायक विनोद कुमार बिंद और मीरापुर से रालोद के विधायक चंदन चौहान भी अब सांसद हो गए हैं। इस तरह से शीघ्र ही चुनाव आयोग इन 10 रिक्त सीटों पर चुनाव कराएगा। कांग्रेस इंडिया गठबंधन के तहत सपा से विधानसभा उपचुनाव में भी साझेदारी चाह रही है।

बताते चलें कांग्रेस और सपा के बीच ऐसा ही मनमुटाव लोकसभा चुनाव से पहले हुए मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव में सपा को सीट न दिए जाने से दोनों दलों के बीच देखने को मिला था।। इस साल अक्टूबर में महाराष्ट्र और हरियाणा में विधानसभा चुनाव होने हैं। वहीं 2025 में पश्चिम बंगाल, दिल्ली और बिहार में विधान सभा चुनाव होने हैं। सपा के अंदरखाने चर्चा है कि कि अगर कांग्रेस महाराष्ट्र और हरियाणा में उनकी पार्टी को कुछ सीटें देने पर रजामंद हुई, तभी यूपी के उपचुनाव में कांग्रेस को कोई सीट देने पर विचार किया जा सकता है। महाराष्ट्र में समाजवादी पार्टी की ठीकठाक पकड़ है। 2019 के विधानसभा चुनाव में यहां से सपा के दो विधायक जीते थे। इससे पहले भी सपा वहां चुनाव जीतती रही है। इसी आधार पर सपा ने महाराष्ट्र में दावा करने का फैसला किया है। वहीं, हरियाणा की 20 सीटों पर मुस्लिम–यादव समीकरण प्रभावी हैं, जिसे सपा अपने पक्ष में मानती है। इस बारे में सपा के प्रवक्ता राजेंद्र चौधरी का कहना है कि यूपी में सपा और कांग्रेस के बीच गठबंधन है, लेकिन उपचुनाव में सीटों के मामले में कोई भी निर्णय समय आने पर सपा नेतृत्व ही लेगा।

उधर, कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय का कहना है कि राहुल गांधी के निर्णय से उत्तर प्रदेश कांग्रेस को बड़ी ताकत मिली है। प्रदेश कांग्रेस की मांग पर उन्होंने अपनी परंपरागत सीट को चुना है, जिससे पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं में उत्साह है। प्रदेश में संगठन को बूथ स्तर पर खड़ा करने के प्रयास निरंतर किए जा रहे हैं। पार्टी अभियान के तहत इसमें जुटी है और वरिष्ठ पदाधिकारियों को अलग–अलग जिम्मेदारी सौंपी जा रही हैं। हर जिले में नए कार्यकर्ताओं को जोड़ा जा रहा है। पार्टी मुख्यालय में राहुल गांधी का जन्मदिन मनाए जाने के साथ ही सामाजिक संस्थाओं के साथ मिलकर विशेष आयोजन किए गये है। कांग्रेसी निराश्रित महिलाओं के बीच जाकर खुशियां बांटेंगे।

सूत्र बताते हैं कि लोकसभा चुनाव में अमेठी व रायबरेली समेत छह सीटों पर कांग्रेस की जीत के बाद प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय व प्रदेश अध्यक्ष के लिए संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने की चुनौती भी और बढ़ गई है। पार्टी के निष्क्रिय चेहरों को चिह्नित कर हटाने की तैयारी भी है। माना जा रहा है कि उत्तर प्रदेश में राहुल गांधी की सक्रियता अब और बढ़ेगी। जिसके बाद प्रदेश कार्यकारिणी में कुछ नए चेहरे भी शामिल हो सकते हैं। इसके साथ ही कांग्रेस की सहयोगी दलों के साथ प्रस्तावित धन्यवाद यात्रा में भी राहुल गांधी की अधिक सक्रियता होने की उम्मीद जताई जा रही है।

कुल मिलाकर रायबरेली और समाजवादी पार्टी की अपनी–अपनी सियासी महत्वाकांक्षा के चलते दोनों दलों के बीच की दूरियां धीरे–धीरे बढ़ती नजर आ रही हैं। समाजवादी पार्टी को चिंता इस बात की भी है कि यदि कांग्रेस ने यूपी में फिर से जड़े जमा ली तो समाजवादी पार्टी को इसका दीर्घकालीन खामियाजा भुगतना पड़ सकता है। बता दें समाजवादी पार्टी के पास आज जो भी वोट बैंक है, उस पर कभी रायबरेली का कब्जा हुआ करता था। सपा के पूर्व प्रमुख और दिवंगत नेता मुलायम सिंह यादव यह बात अच्छी तरह से समझते थे, इसीलिए उन्होंने कभी कांग्रेस से गठबंधन में रूचि नहीं दिखाई। नेताजी बेटे अखिलेश को भी कई बार सचेत कर चुके थे कि कांग्रेस से उसकी नजदीकी ठीक नहीं हैं। 2017 के विधानसभा चुनाव के समय नेताजी ने यह बात कही थी, तब कांग्रेस–सपा ने मिलकर यूपी विधान सभा चुनाव लड़ा था। परंतु तब इन दोनों नेताओं को कोई खास कामयाबी नहीं मिल पाई थी।

## सम्पादकीय

# वन संपदा का नुकसान

नवम्बर, 2023 से अब तक उत्तराखंड के तमाम इलाकों में लगी आग की तकरीबन एक हजार दो सौ बयालिस घटनाएं दर्ज की जा चुकी हैं जिससे 1,696 हेक्टेयर क्षेत्रफल की वन संपदा का नुकसान हो चुका है। कम से कम दस लोगों की मौत अब तक हो चुकी है।

जैव–विविधता का जो नुकसान हुआ है, उसका अनुमान लगाना मुश्किल हैं। जैव–विविधता और जन–गण का नुकसान अभी रु का नहीं है, जिस पर तुरंत काबू पाने की जरूरत है।

सरकारी आंकड़े के मुताबिक राज्य के कुमाऊं मंडल में सबसे ज्यादा 598 और गढ़वाल मंडल में 532 जंगल की आग की घटनाएं घटीं। पिछले आठ महीने में आग की घटनाओं से वन संपदा का ही नाश नहीं हुआ है, बल्कि काफी बड़े इलाके में तपिश भी बढ़ गई है। इसका असर रानीखेत और अल्मोड़ा के जंगलों में बेकाबू आग के रूप में देखा जा सकता है। आग से जंगल ही नहीं जल रहे हैं, बल्कि लोगों के घर, दुकान और ऑफिस को भी नुकसान हो रहा है। महज दिल्ली में ही 26 मई, 2024 तक 8912 घटनाएं घट चुकी हैं, जिनमें 55 लोगों की जान जा चुकी है। अरबों का नुकसान हो चुका है।

देश–दुनिया में हर साल आग की लाखों घटनाएं घटती हैं जिससे करोड़ों की संपत्ति नष्ट होती है, मवेशी मारे जाते हैं, और कई लोग इसकी भेंट चढ़ जाते हैं। सरकारों के आग पर काबू पाने और मुस्तैदी के सारे दावे धरे रह जाते हैं। अब तक आग की बाइस हजार से अधिक घटनाएं देश के विभिन्न हिस्सों में घट चुकी हैं, जिससे करोड़ों–अरबों की संपत्ति खाक हो चुकी है। मवेशी और जन धन की जो हानि हुई है, वह अलग। देश के विभिन्न हिस्सों में जंगलों में आग लगने की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं खासकर उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश जैसे पहाड़ी राज्य इससे सबसे ज्यादा प्रभावित हुए हैं। यूं तो मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, कर्नाटक, असम, महाराष्ट्र और अन्य राज्यों में भी आग से जंगल तबाह होते रहे हैं, लेकिन जिस बड़े पैमाने पर दोनों पहाड़ी राज्यों में तबाही देखने को मिलती है वैसी अन्य किसी राज्य में नहीं। पिछले तीस वर्षो में आग की लाखों छोटी–बड़ी घटनाएं घट चुकी हैं जिनमें लाखों हेक्टेयर जमीन में खड़े जंगल प्रभावित हुए हैं। जैविक–विविधता का नाश हुआ है और जीव–जंतु मारे गए।

नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ डिजास्टर मैनेजमेंट के अनुसार भारत को 50 फीसद जंगलों को आग से खतरा है, जिसमें अधिकतर जंगल हिमाचल, जम्मू, उत्तराखंड, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और असम के हैं। कई बार सूखे पत्तों और घनी झाड़ियों को जलाने के लिए आग लगाई जाती है। माना जाता है कि स्थानीय निवासियों द्वारा छोटे इलाकों में सूखे पत्तों और छोटी सूखी वनस्पतियों को जलाने से बड़ी विनाशकारी आग की घटनाएं नहीं होती हैं जिससे पर्यावरण की क्षति, वन क्षेत्र की वनस्पतियों और जीव–जंतुओं के विनाश का भी खतरा नहीं रहता। राज्य सरकार और केंद्र सरकार को इस तरह के लोगों को बड़े पैमाने पर प्रशिक्षित करके छोटे इलाकों के पर्यावरण को क्षति पहुंचाने वाले खर–पतवारों को जलाने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए। लेकिन यह काम बहुत सावधानी के साथ किया जाना चाहिए। कई बार छोटी आग विकराल रूप धारण कर विनाश की वजह भी बन जाती है। दरअसल, पहाड़ी जीवन समतल इलाकों में रहने वालों से कई मामलों में अलग होता है। पहाड़ी इलाकों के रहवासियों का पालन–पोषण जंगल ही करते रहे हैं। फल–फूल, मेवे, औषधियां, जलाऊ लकड़ियां और मकान बनाने की लकड़ियां भी जंगलों से आराम से मिल जाती थीं। 1988 में केंद्र सरकार ने जो वन नीति बनाई थी उससे जंगलों को संरक्षित करने और उनका विस्तार करने में सहूलियत तो मिली लेकिन उत्तराखंड बनने के बाद जिस तरह से वनों में माफिया समूहों, तस्करों और वन विभाग के अधिकारियों की मिलीभगत से लूट मची, उससे उत्तराखंड बनने का उद्देश्य खंड–खंड हो गया। आज भी उत्तराखंड में तमाम तरह की समस्याएं हैं, जिनका हल निकाला जाना चाहिए। पर्यटन के मामले में उत्तराखंड देश के दूसरे राज्यों से काफी आगे है, लेकिन जिस रूप में पर्यटन का विकास हो रहा है, उससे कई तरह की दुरियां भी पैदा हो रही हैं जिनमें जंगल काट कर भवनों का निर्माण भी एक है। आज उत्तराखंड में भारत ही नहीं, विदेश की अनेक बहुराष्ट्रीय कंपनियां भी यहां की अमूल्य संपदा का दोहन कर पूरे इलाके को खोखला करने में लगी हुई हैं। रोजगार देने और खुशहाली का नया दौर शुरू करने का सब्जबाग दिखाने वाली ये कंपनियां राज्य सरकार से खाद पानी पाती रही हैं। राज्य सरकार अवैध निर्माण, अवैध जगली जंतुओं के शिकार, अवैध खनन और वन की अमूल्य औषधियों एवं लकड़ियों की तस्कारी रोकने में विफल रही है। जिस लक्ष्य को लेकर उत्तराखंड का निर्माण किया गया था, वह लक्ष्य आज भी अधूरा है।पहाड़ के निवासियों द्वारा उत्तराखंड निर्माण के समय देखे गए स्वप्न जंगलों के साथ लगातार जलते आए हैं। हर बार चुनाव के समय हर पार्टी उत्तराखंड को सबसे खुशहाल राज्य बनाने का वादा करके सत्ता में आती है, और सत्ता मिलते ही अपना गुणा–भाग और नफा–नुकसान केवल पर्यटन को बढ़ावा देने और नई–नई देशी–विदेशी कंपनियों के जरिए केवल लाभ कमाने पर सारा ध्यान केंद्रित कर देती हैं। जो इस प्रदेश की मूल समस्याएं हैं, उनके लिए कोई ठोस दूरगामी कदम और योजनाएं नहीं बनाई जातीं। जब जंगल जलता है तो केवल जंगल नहीं जलता, बल्कि इस इलाके का आधार ही जल कर खाक हो जाता है। देवभूमि कही जाने वाला इस पहाड़ी प्रदेश के अस्तित्व में आने के बाद यह अनगिनत प्राकृतिक त्रासदियों को झेलने के लिए मजबूर होता रहा है। शासन, प्रशासन प्राकृतिक त्रासदियों से छुटकारा दिलाने या मलहम लगाने के लिए तत्काल कदम उठाता तो है लेकिन जिस स्तर पर आग से लोगों का नुकसान होता है, उसकी भरपाई प्रशासन भी करने में नाकाम रहता है। जरूरत है जिम्मेदार विभाग और उनमें जिम्मेदार अधिकारियों को लापरवाही करने के प्रति चेतावनी देने की। कर्त्तव्य के प्रति लापरवाही को गम्भीर अपराध माना जाना चाहिए। प्रशासन अपने कर्त्तव्य के प्रति चुस्त रहेगा तो जगंल की बेकाबू होती आग भविष्य में विकराल रूप नहीं धारण कीं। और साथ में यह भी सोचना होगा।

# योग को न जोड़ें व्यवसाय और राजनीति से?



डॉ. रमेश ठाकुर

जानकार बताते हैं कि अंग्रेजी दवाइयां तुरंत असर तो करती हैं। पर, शरीर की प्रतिरोधक क्षमता हिला देती हैं। शायद, इस सच्चाई से आम लोग अनभिज्ञ होते हैं कि बड़ी–बड़ी फार्मा कंपनियों के मालिक भी नियमित योगासन करते हैं।

योग की आड़ में देश के भीतर बड़ा धंधा पनप गया है। महानगरों से लेकर कस्बों–गांवों में भी बड़े–बड़े इंस्टीट्यूट, प्रशिक्षण केंद्र, योग टीचरों की फौज तैयार हो गई है। योग पर किसी का पेटेंट नहीं होना चाहिए और न ही कोई इसकी किसी को ठेकेदारी करनी चाहिए। योग शरीर को चंगा रखने का मजबूत हथियार है और सदैव रहेगा। देखकर दुख होता है जब योग का शारीरिक जरूरतों से कहीं ज्यादा मौजूदा समय में उसका व्यावसायिक, धार्मिक और सियासत में इस्तेमाल होता है। योग को मात्र स्वस्थ काया तक ही सीमित रखना चाहिए। उसकी आड़ में राजनीतिक जरूरतें पूरी नहीं करनी चाहिए। योग गुरू कहलाकर समूचे संसार में प्रसिद्दि पा चुके बाबा रामदेव ने निश्चित रूप से योग का प्रचार जबरदस्त तरीके से किया। इस दरम्यान उन्होंने बड़ा व्यवसाय भी स्थापित किया। बाजार में हजारों प्रोड्क्टस उतारकर उनकी कंपनी का टर्नओवर लाखों–करोड़ों में नहीं, बल्कि अरबों में पहुंच गया है।

विवादों के इतर देखें तो बाबा रामदेव की कोशिशों की बदौलत ही योग को वैश्विक मान्यताएं मिली। केंद्र सरकार ने भी प्रचार–प्रसार में कोई कोर–कसर नहीं छोड़ी। उसके बदले सरकार ने भी उनका फायदा चुनावों में जमकर उठाया। इस सच्चाई से भी इंकार नहीं किया जा सकता। लेकिन इससे योग विज्ञान का कुछ समय बीतने के बाद नुकसान हुआ। योग सत्ता पक्ष और विपक्ष में बंटकर भाजपा और कांग्रेस हो गया। जब पहला योग दिवस मना, तो कांग्रेस सहित तमाम विपक्षी दलों ने आयोजन का वॉकआउट किया। यहां तक उन्होंने और उनके कार्यकर्ताओं ने भी योग नहीं किया। लेकिन भाजपा ने हर्षोल्लास से मनाया। दरअसल, उनके मनाने का कारण क्या था, सभी को पता था। ठीक है, अगर विपक्षी दलों को बाबा रामदेव से कोई आपत्ति या ना–खुशी है, तो उनको योग को विरोध की केटेगरी में नहीं रखना चाहिए।बहरहाल, कोई कहे बेशक कुछ न, पर सियासत ने योग को धर्म से छोड़ने की भी कोशिशें की। योगासनों में भी धर्मों की एबीसीडी खोजी जाती है। दूसरा, सबसे दुःखद पहलू योग के साथ ये जुड़ा, योग का व्यावसायिकरण कर दिया गया। कईयों की दुकानें योग की आड़ में चल पड़ी हैं। बड़े–बड़े प्रतिष्ठान, कॉलेज, स्कूल, प्रशिक्षण केंद्र संचालित हो गए हैं, जहां योग सीखाने के नाम पर मोटा माल काटा जा रहा है। योग गुरूओं, एक्सपर्टस व प्रशिक्षकों की तो फौज ही खड़ी हो गई है। बड़े–बड़े नेताओं ने अपने लिए पर्मानेंट योग प्रशिक्षक हायर किए हुए हैं। कुल मिलाकर योग को लोगां ने अब पूरी तरह से स्टेटस सिंबल बना डाला है। यानी मध्यम वर्ग और गरीबों की पहुंच से बहुत दूर कर दिया गया है।

योग विधा नई नहीं है, पांच हजार पूर्व ऋषि परंपराओं से मिली अनमोल धरोहर जैसी है। ज्यादा पुराने समय की बात न करें, सिर्फ आजादी तक का इतिहास खंगाले तो पता चलता है कि उस वक्त तक भी चिकित्सा विज्ञान ने उतनी सफलता नहीं पाई थी जिससे अचानक उत्पन्न होने वाली बीमारियों से तुरंत इलाज कराया जाए। उस वक्त भी जड़ी–बुटियों और नियमित योगासन पर ही समूचा संसार निर्भर हुआ करता था। अंग्रेजी दवाओं का विस्तार कोई चालीस–पचास के दशक से जोर पकड़ा है। तब मात्र एकाध ही फार्मा कंपनियां हुआ करती थी, जो अंग्रेजी दवाइयों का निर्माण करती थीं। विस्तार अस्सी के दशक के बाद आरंभ हुआ। आज तीन से चार हजार के करीब फार्मा कंपनियां अंग्रेजी दवा बनाने में लगी हैं। बावजूद इसके योग का बोलबाला दिनों दिन बढ़ रहा है।

जानकार बताते हैं कि अंग्रेजी दवाइयां तुरंत असर तो करती हैं। पर, शरीर की प्रतिरोधक क्षमता हिला देती हैं। शायद, इस सच्चाई से आम लोग अनभिज्ञ होते हैं कि बड़ी–बड़ी फार्मा कंपनियों के मालिक भी नियमित योगासन करते हैं। क्योंकि उनको योग के फायदे पता होते हैं। योग को एक नहीं, बल्कि हजारों बड़ी और गंभीर बीमारियों से लड़ने का हथियार माना गया है। वक्त फिर से पल्टा है, इसलिए लोग धीर–धीरे पुरानी दवा पद्दितियों की ओर लौटने लगे हैं। सालों पुरानी हेल्थ प्रॉब्लम से छुटकारा पाने के लिए मरीज योग की मदद लेने लगे हैं। अनुभवी डॉक्टर्स भी अपने पेशेंट को डेली रूटीन में योग शामिल करने की सलाह देते हैं। योग चिकित्सक मंगेश त्रिवेदी की माने तो ऐसे कई केस सामने आए हैं, जिसमें 15–20 साल पुरानी बीमारी को खत्म करने के लिए लोगों ने पहले योग की मदद ली और 3 से 4 महीने में इसका असर भी देखा है।बहरहाल, जरूरत इस बात की है कि योग को राजनीति और धर्म के मैदान में ना घसीटा जाए। कुछ राजनीतिक दल योग और योग को नियमित अपनाने वालों को अपना वोट बैंक के तौर पर इस्तेमाल करते हैं। कुछ लोग योग पर एक छत्र राज और अपनी ठेकेदारी भी जमाते हैं। ऐसा नहीं होना चाहिए, योग सबके लिए है और वह भी निःशुल्क। योग हमें ऋषियों–मुनियों द्वारा दी गई बेशकीमती सौगात है। हमारी धरोहर है जिसे हमारे पूर्वज हमारे लिए छोड़कर गए हैं। इसे सजोकर रखना हम सबका परमदायित्व बनता है। योग के फायदों से हम परिचित हैं। योग को लेकर हमें किसी लोभ–लालच में नहीं पड़ना चाहिए। योग करने वालों को भाजपा का कार्यकर्ता, रामदेव का अनुयायी या आरएसएस का शुभचिंतक नहीं समझना चाहिए। हालांकि, ऐसी मिथ्या अब लोगों से दूर हुई है। सत्ता पक्ष हो या विपक्ष सभी अपने स्वास्थ्य की परवाह करते हुए योग को अपनाएं। 'विश्व योग दिवस' का मकसद हममें योगासन के प्रति ललक पैदा करना और दूसरों को योग के लिए जागरूकता करना मात्र होता है। योग स्वस्थ शरीर का मुख्य सारथी है, इसे दूर न करें, नियमित अपनाएं।



# आंध्र में बदले की राजनीति!

ykकतंत्र के लिए इसे कतई अच्छा नहीं कहा जाएगा लेकिन नियम–कानूनों का सहारा लेकर दक्षिण भारत में बदले की राजनीति जमकर की जाती है। तमिलनाडु में स्वर्गीय एम. करुणानिधि और स्वर्गीय जे. जयललिता के बीच बदले की राजनीति ने पुलिस कार्रवाई का रूप ले लिया था। अब आन्ध्र प्रदेश में भी यही राजनीति दिखाई पड़ रही है। पूर्व मुख्यमंत्री जगन मोहन रेड्डी को इस बार विधानसभा चुनाव में पराजय का सामना करना पड़ा है। उनकी पार्टी सत्ता से हट गयी और पूर्व सीएम चंद्रबाबू नायडू को नई सरकार बनाने का मौका मिला है। हालांकि उनकी पार्टी तेलुगुदेशम पार्टी (टीडीपी) ने भाजपा और पवन की पार्टी जनसेना के साथ मिलकर सरकार बनायी है लेकिन चन्द्रबाबू नायडू ने जगनमोहन रेड्डी को सबक सिखाना अभी से शुरू कर दिया है। हैदराबाद महानगर निगम (जीएचएमसी) ने गत 16 जून को जगन मोहन रेड्डी के लोटस पांड आवास से लगे फुटपाथ पर कथित अवैध निर्माण को ध्वस्त कर दिया है। जगन मोहन रेड्डी के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने के 10 दिन बाद ही यह कार्रवाई हुई है। सितम्बर 2023 में आन्ध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री चन्द्रबाबू नायडू को घोटाले के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। राज्य की राजधानी बदलने के पीछे भी यही बदले की राजनीति रही है। आन्ध्र प्रदेश की 175 सदस्यीय विधानसभा में टीडीपी को 135 जनसेना को 21, भाजपा को 8 और जगन मोहन रेड्डी की वाईएसआर को सिर्फ 11 विधायक मिले हैं।

हैदराबाद महानगर निगम (जीएचएमसी) ने आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री वाई एस जगन मोहन रेड्डी के लोटस पॉन्ड आवास से लगे फुटपाथ पर अवैध निर्माण को ध्वस्त कर दिया। रेड्डी के आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने के 10 दिन बाद यह कार्रवाई की गई है। जीएचएमसी के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार, नगर निगम के अधिकारियों ने जगन के आवास के सामने फुटपाथ पर परिसर की दीवार से सटे अवैध निर्माण को ध्वस्त कर दिया। उन्होंने कहा कि इन अवैध निर्माण का उपयोग सुरक्षाकर्मियों द्वारा किया जा रहा था। जीएचएमसी के नगर नियोजन विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार उन्होंने जगन के आवास पर संबंधित व्यक्तियों को फुटपाथ निर्माण कार्य के लिए छह महीने पहले ही अवैध निर्माण को हटाने के लिए सूचित कर दिया था। अधिकारी ने फुटपाथ निर्माण कार्य के लिए अवैध निर्माण हटाने को कहा था। कॉलोनी के निवासियों ने फुटपाथ पर अतिक्रमण की भी शिकायत की है, जिससे सड़क से गुजरने वाले लोगों को असुविधा हो रही है। उधर, वाईएसआर कांग्रेस पार्टी का कहना है कि ये निर्माण कार्य बारिश एवं गर्मी के दौरान सुरक्षाकर्मियों की सुविधा के लिए किये गए हैं।

आंध्र प्रदेश में बदले की राजनीति की कहानी बहुत पुरानी है। लगभग 2 साल पहले सितंबर 2023 तेलुगू देशम पार्टी (टीडीपी) के अध्यक्ष और आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू को गिरफ्तार कर लिया गया। उनकी गिरफ्तारी आंध्र प्रदेश पुलिस की सीआईडी ने कथित स्किल डिवेलपमेंट घोटाले में की थी। आरोप था कि यह घोटाला नायडू के 2014 से 2019 के बीच मुख्यमंत्री रहते हुए हुआ था। नायडू की गिरफ्तारी आंध्र प्रदेश में प्रतिशोध की राजनीति के बदलते हुए परिदृश्य को सामने लाई थी। कुछ लोगों का कहना है कि चंद्रबाबू नायडू की गिरफ्तारी भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 का उल्लंघन है। उनका तर्क है कि गिरफ्तारी से पहले न तो राज्यपाल की मंजूरी ली गई और न ही उन्हें कोई नोटिस दिया गया। पिछले पाँच साल में यह पहली बार नहीं है कि उन्हें निशाना बनाया गया है। टीडीपी की 2019 के विधानसभा चुनाव में हुई करारी हार के बाद से उनके खिलाफ 10 मामले दर्ज किए गए। इसी दौरान उनके बेटे नारा लोकेश के खिलाफ 16 अन्य मामले दर्ज किए गए हैं। साल 2019 की हार के बाद अमरावति में चंद्रबाबू नायडू के दफ्तर को बुलडोजर से जमींदोज कर दिया गया था। वाईएसआर कांग्रेस के नेताओं ने इस कार्रवाई पर जश्न मनाया था। वाईएसआर कांग्रेस का कहना था कि अतिक्रमण की वजह से यह कार्रवाई की गई। इसी तरह की कार्रवाई टीडीपी मुख्यालय पर भी हुई थी। इस तरह राज्य में प्रतिशोध की राजनीति का एक नया अध्याय शुरू हुआ। यही नहीं राज्य की विधानसभा में नायडू के परिवार के खिलाफ व्यक्तिगत हमले किए गए। यह इतना तगड़ा था कि नायडू विधानसभा में ही रो पड़े। उन्होंने कसम खाई कि अब मुख्यमंत्री बनने के बाद ही वो विधानसभा में आएंगे। यह वाईएसआर कांग्रेस की ओर से शुरू किया गया कोई नवाचार नहीं था।

चंद्रबाबू नायडू लोकतंत्र के संरक्षक भी नहीं हैं। जगन मोहन रेड्डी जब विपक्ष में थे तो टीडीपी के सदस्यों ने उन पर ताने मारे थे और आरोप लगाए थे। इसके बाद जगन मोहन रेड्डी विधानसभा से बाहर चले गए थे। वो मुख्यमंत्री बनने के बाद ही विधानसभा लौटे थे। चुनाव नजदीक आते ही राज्य में बदले की राजनीति अब अपने चरम पर पहुँच गयी थी। टीडीपी का कहना था कि जब जगन को जेल हुई थी तो उन्हें सहानुभूति मिली थी। बाद में जिस तरह से नायडू की गिरफ्तारी हुई, उससे टीडीपी को कुछ सहानुभूति मिल सकती थी।

तेलंगाना के अलग होने के बाद से यानी 4 जून, 2014 से ही आंध्र प्रदेश की राजधानी कहां होगी इसको लेकर चंद्रबाबू नायडू की तेलुगू देशम पार्टी (टीडीपी) और जगनमोहन रेड्डी की वाईएसआर कांग्रेस पार्टी के बीच खींचतान देखने को मिली।

तेलुगू देशम पार्टी की ओर से मुख्यमंत्री रहे चंद्रबाबू नायडू ने अमरावती को राज्य की राजधानी बनाने की घोषणा की थी, लेकिन जगनमोहन रेड्डी ने एक साथ तीन शहरों को राज्य की राजधानी का दर्जा देकर नया इतिहास बनाया। उन्होंने कार्यपालिका के लिए विशाखापत्तनम, विधायिका के लिए अमरावती और हाईकोर्ट वाले शहर कर्नूल को न्यायिक मामलों की राजधानी बनाया। तकनीकी रूप से आंध्र प्रदेश की तीन राजधानियों की अवध्रारणा को आंध्र प्रदेश विकेंद्रीकरण और सभी क्षेत्रों के समावेशी विकास अधिनियम, 2020 नामक विवादास्पद कानून में निहित किया गया था। नायडू ने अमरावती को प्राथमिकता दी जिसे आंध्र प्रदेश के अन्य शक्तिशाली समुदाय, कम्मों का गढ़ माना जाता है। लेकिन जल्द ही नायडू पर अमरावती शहर के बड़े हिस्से या करीब 33 हजार एकड़ जमीन की बिक्री को लेकर गंभीर आरोप लगे। जगनमोहन रेड्डी ने उन पर अपने लोगों को लाभ पहुंचाने के लिए इनसाइडर ट्रेडिंग में लिप्त होने का आरोप लगाया।

## संक्षिप्त खबरें

### नि:शुल्क शव यात्रा वाहन को जनता को किया समर्पित

मऊ(एजेंसी)। जनसेवा को लेकर लक्ष्मी नारायण मंदिर हनुमानघाट पर बरनवाल सेवा समिति के जिला महामंत्री एवं विश्व हिंदू परिषद के जिला मंत्री युवा समाज सेवी अंकित बरनवाल ने मऊ शहर की एक नितांत आवश्यकता का समाधान कर दिया। बुधवार को जेष्ठ मास में शहर के संभ्रांत समाजसेवियों के हाथो नि:शुल्क शव यात्रा वाहन को जनता को समर्पित किया। बताते चले कि अंकित बरनवाल पूर्व में भी अनेकों सामाजिक एवं धार्मिक कार्यक्रमों में अग्रणी भूमिका निभाते रहे। नि:शुल्क शव यात्रा वाहन के कार्यक्रम में मुख्य रूप से राजेंद्र बरनवाल, दिनेश बरनवाल, चंद्रशेखर अग्रवाल, सोनू बरनवाल, रवि बरनवाल, गोपाल कृष्ण बरनवाल, रवि क्षितिजा, राहुल उपाध्याय, सुरेंद्र मिस्रा, अंकुर बरनवाल, काजू बरनवाल, फतेहबहादुर राजभर, फ्रूटी बरनवाल, धीरज गुप्ता सहित सैकड़ों संभ्रांत लोग शामिल रहे।

### कांग्रेस विधि विभाग के अधिवक्ताओं ने मनाया राहुल का जन्मदिन




मऊ(एजेंसी)। दीवानी कचहरी के दक्षिणी गोलम्बर मे जिला कांग्रेस कमेटी विधि विभाग की तरफ से कांग्रेस नेता राहुल गांधी का जन्मदिन मनाया गया तथा उनके हर संघर्ष में शामिल रहने का निर्णय लिया गया। इस अवसर पर सभा को संबोधित करते हुए उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी विधि विभाग महासचिव वरिष्ठ अधिवक्ता उदय प्रताप राय ने कहा कि राहुल गांधी ने डरो मत का उदघघोष का जो नारा वह कार्यकर्ताओं में नई उर्जा भरने का काम किया। जिला उपाध्यक्ष सुरेन्द्र पाण्डेय, अरबिंद पाण्डेय, अजय पाण्डेय, अशोक सिंह, साबिर अली, सुखराम चौहान आदि ने अपने उद्बोधन में विश्वास व्यक्त किया कि राहुल गांधी अपने संघर्ष के आधार पर देश की राजनीति की दिशा व दशा बदल देंगे तथा वे एक दिन भारत के प्रधानमंत्री अवश्य बनेगें।

### राज्य स्तरीय जूनियर बालक फुटबाल प्रतियोगिता का हुआ शुभारम्भ

मऊ(एजेंसी)। जिलाधिकारी प्रवीण मिश्र द्वारा डॉक्टर भीमराव अंबेडकर स्पोर्ट्स स्टेडियम मऊ में राज्य स्तरीय जूनियर बालक फुटबॉल प्रतियोगिता का उद्घाटन फुटबॉल को किक मारकर किया गया। यह प्रतियोगिता 19 जून से 26 जून तक चलेगी। इस दौरान जिलाधिकारी में खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया गया। इस प्रतियोगिता में आगरा, झांसी, लखनऊ, बरेली, सहारनपुर, अलीगढ़, मुरादाबाद, गोरखपुर, वाराणसी, अयोध्या, प्रयागराज, देवरिया, चित्रकूट, मेरठ, आजमगढ़, मिर्जापुर, बस्ती मंडल आदि टीमो द्वारा प्रतिभाग किया जाएगा। इस प्रतियोगिता का पहला मैच आजमगढ़ मंडल एवं सहारनपुर मंडल की टीम के बीच संपन्न हुआ। जिलाधिकारी ने सभी टीमों का उत्साह वर्धन किया गया तथा सभी टीमों के खिलाड़ियों को अच्छा प्रदर्शन करने को कहा। कार्यक्रम के दौरान जिला क्रीड़ा अधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं खिलाड़ी उपस्थित रहे।

### अराजकतत्वों ने भण्डारे में बोला हमला, मुकदमा दर्ज, चार गिरफ्तार

फतेहपुर–बाराबंकी(एजेंसी)। कुर्सी थाना क्षेत्र के धरसंडा गांव में बड़े मंगल के अवसर पर चल रहे भंडारे में अराजक तत्वों ने हमला बोल दिया। यही नही भंडारे में बनी पूड़ी–सब्जी को भी अराजक तत्वों ने फेक कर क्षेत्र में सांप्रदायिक माहौल खराब करने की कोशिश की। जिस पर पुलिस ने आधा दर्जन लोगों पर मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। मामला कुर्सी थाना क्षेत्र के धरसंडा गांव का है। जहां पर बड़े मंगल के अवसर पर भूहिहारे बाबा मंदिर पर भव्य भंडारे का आयोजन किया गया था। विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी भंडारे का आयोजन चल रहा था। तभी अचानक आधा दर्जन से ज्यादा अराजक तत्वों ने चल रहे भंडारे पर पत्थरबाजी करना शुरु कर दिया। भंडारे पक्ष के लोग जब तक कुछ समझ पाते तब तक तीन लोग चोटिल हो चुके थे। स्थानीय लोगों ने बताया, इस स्थान पर काफी समय से पूजा पाठ होता चला रहा है। मंदिर की नींव जर्जर होने के कारण भंडारे के साथ–साथ मरम्मत का भी कार्य भी चल रहा था। जिसको लेकर एक ही समुदाय के लोगों ने उग्र होकर अचानक लाठी डंडों के साथ पथराव शुरू कर दिया। गौरतलब है उपद्रवियों ने अपनी उग्रता का परिचय देते हुए भंडारे में तैयार पूड़ी सब्जी व समस्त खाद्य सामग्री को तहस–नहस कर दिया। जिससे भंडारे का सारा सामान खराब हो गया। स्थानीय लोगों ने जिसकी सूचना तत्काल पुलिस को दी मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए अरमान पुत्र सुलेमान, चांदबाबू पुत्र सुलेमान, तुफैल पुत्र साजिद अली, शानू पुत्र कदीर, सुलेमान पुत्र मुजीम, साजिद अली पुत्र खालिद के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज घर पकड़ शुरू कर दी। इस संबंध में थाना प्रभारी जगदीश नारायण शुक्ला ने बताया, आयोजन कर्ता रामू की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया है। जिस पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने चार लोगों को जेल भेज दिया गया है और दो की तलाश जारी है।

## अभियान चला कर लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति करें जागरूक- जिलाधिकारी

### - जनपद स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न



मऊ(एजेंसी)। जिलाधिकारी प्रवीण मिश्र की अध्यक्षता में जनपद स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न हुई। यातायात एवं परिवहन विभाग द्वारा प्रवर्तन कार्यों की समीक्षा के दौरान एआरटीओ ने बताया की मार्च, अप्रैल एवं मई महीने में हेलमेट के अभियोग में 2061, सीट बेल्ट के में 421, मोबाइल फोन का प्रयोग करने के अभियोग में 217 तथा फिटनेस के अभियोग में 124 वाहनों का चालान किया गया।इसी क्रम में हूटर प्रेशर हॉर्न में 16 तथा शहर के एंट्री एवं एग्जिट पॉइंट्स पर विभिन्न अभियोगो में कुल 16282 चालान किए गए। बिना नंबर प्लेट तथा एचएसआरपी के अभियोग में कुल 51 वाहनों का चालान किया गया। यातायात पुलिस द्वारा फरवरी महीने में ब्लैक फिल्म में कुल 29, सीट बेल्ट में 80, हेलमेट न पहनने पर 2792, बिना फिटनेस के 69 तथा मोबाइल फोन के उपयोग करने पर 13 वाहनों का चालान किया गया। इसके अलावा फरवरी महीने में विभिन्न अभियोगों में कुल 5679 वाहनों का चालान एवं 49 वाहनों को चीज भी किया गया। यातायात एवं परिवहन विभाग द्वारा किए गए प्रवर्तन कार्यों की जानकारी लेने के उपरांत जिलाधिकारी ने इसमें तेजी लाने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान जिला अधिकारी ने स्कूली बसों की फिटनेस चेक कर अनफिट बसों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने को कहा। इसके अलावा उन्होंने स्कूल खुलने के उपरांत अभियान चला कर वाहनों की चेकिंग करने तथा स्कूल वाहनों के ड्राइवरो का कैंप लगाकर फिटनेस चेक करने के निर्देश दिए। शहरी एवं नगरी क्षेत्र में जाम के दृष्टिगत जिलाधिकारी ने बिना रजिस्टर्ड ई रिक्शा के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने को कहा। उन्होंने लोगों से अज्ञात वाहनों से दुर्घटना होने पर तत्काल जिलाधिकारी अथवा एआरटीओ कार्यालय पर आवेदन करने को कहा, जिससे सरकार द्वारा निर्धारित दो लाख रुपए का मुआवजा दुर्घटनाग्रस्त व्यक्ति को उपलब्ध कराने में जिला प्रशासन सक्रियता से कार्य कर सके। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने जिला विद्यालय निरीक्षक एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को स्कूलों में रोड सेफ्टी क्लब की स्थापना करने के साथ ही पेरेंट्स मीटिंग में बच्चों एवं अभिभावकों को यातायात की नियमों के प्रति जागरूक करने को भी कहा जिससे सड़क सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके। उन्होंने दुर्घटनाग्रस्त क्षेत्र में दुर्घटना से बचाव हेतु लोगों से सुझाव प्राप्त करने तथा उस पर अमल लाने के भी निर्देश दिए। इस दौरान पुलिस अधीक्षक इलमारन जी ने भी प्रभारी निरीक्षक यातायात को सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने हेतु आवश्यक प्रयास करने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक के अलावा जिला विद्यालय निरीक्षक देवेंद्र गुप्ता, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार उपाध्याय, एआरटीओ सोहेल अहमद, प्रभारी निरीक्षक यातायात सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## दहेज एक सामाजिक बुराई, दहेज लेना एवं देना अपराध- जिला दहेज प्रतिषेध अधिकारी



मऊ(एजेंसी)। जिला प्रोबेशन अधिकारीधजिला दहेज प्रतिषेध अधिकारी समर बहादुर ने द्वारा जानकारी देते हुए बताया है कि दहेज एक सामाजिक बुराई है जिसके कारण समाज में महिलाओं के प्रति अकल्पनीय यातनाएँ और अपराध उत्पन्न हुए हैं तथा भारतीय वैवाहिक व्यवस्था प्रदूषित हुई है। दहेज शादी के समय दुल्हन के ससुराल वालों को लड़की के परिवार द्वारा नकद या वस्तु के रूप में किया जाने वाला भुगतान है। आज सरकार न केवल दहेज प्रथा को मिटाने के लिये बल्कि बालिकाओं की स्थिति के उत्थान के लिये कई कानून (दहेज निषेध अधिनियम 1961) और योजनाओं द्वारा सुधार हेतु प्रयासरत है। इस समस्या से छुटकारा पाने में लोगों की सामाजिक और नैतिक चेतना को प्रभावी बनाना, महिलाओं को शिक्षा तथा आर्थिक स्वतंत्रता प्रदान करना एवं दहेज प्रथा के खिलाफ कानून को प्रभावी ढंग से लागू करना मददगार हो सकता है। दहेज प्रथा न केवल अपराध है बल्कि अनैतिक भी है। इसलिये दहेज प्रथा की बुराइयों के प्रति समाज की अंतरात्मा को पूरी तरह से जगाने की जरूरत है ताकि समाज में दहेज की मांग करने वालों की प्रतिष्ठा कम हो जाए। दहेज सम्बन्धित किसी भी शिकायत के लिये जिला दहेज प्रतिषेध अधिकारी समर बहादुर मोबाइल नम्बर 7518024038, वन स्टॉप सेन्टर, मोबाइल नम्बर 9044129397 अथवा 181 महिला हैल्पलाइन व चाइल्ड हेल्पलाइन, 1098 तथा अधिक जानकारी हेतु कार्यालय जिला प्रोबेशन अधिकारी, कलक्ट्रेट मऊ या कार्यालय वन स्टॉप सेन्टर, निकट परदहा ब्लॉक कैंपस सामुदायिक केंद्र के सामने सम्पर्क कर सकते हैं।

## गँवई वाटरपार्क बना श्रद्धा का केंद्र मठ गुरादरी का पाताल गंगा सरोवर



मुहम्मदाबाद गोहना, मऊ(एजेंसी)। स्थानीय तहसील के करहाँ बाजार स्थित बाबा घनश्याम साहब की तपस्या स्थली के रूप में विख्यात मठ गुरादरी धाम जहाँ अपार आस्था एवं विश्वास का केन्द्र है, वहीं यहाँ स्थित 350 वर्षों पुराना वर्ष भर जलमग्न रहने वाला पाताल गंगा सरोवर गँवई वाटरपार्क बना हुआ है। बयालिस गाँवों के हजारों श्रद्धालु जहाँ यहाँ दर्शन, पूजन व स्नान करने आते हैं वहीं इस भीषण गर्मी में जलविहीन हो चुके ताल पोखरों की वजह से साफ व ठंढे जल से भरे इस सरोवर में खासकर युवा जलक्रीड़ा का आनन्द उठाते हैं। बता दें कि यह स्थान बाबा घनश्याम साहब, पदारथ साहब, महाबल साहब, प्रहलाद साहब, सत्यनारायण साहब व जगन्नाथ साहब जैसे संतो की दिव्य समाधियों के रूप में प्रसिद्ध है। यहीं यहाँ के पहले महंथ बाबा घनश्याम दास की तपस्या से उत्पन्न पाताल गंगा सरोवर का पानी कभी नहीं सूखता। इस भीषण गर्मी में जहाँ जिले भर के ताल, पोखरे व लाखों की लागत से बने अमृत सरोवर सूख चुके हैं और पशु, पक्षी, मनुष्य सभी पानी की समस्या से दो–चार हो रहे हैंय ऐसे में यहाँ जलमग्न पाताल गंगा सरोवर पशु, पक्षियों योग, प्राणायाम, व्यायाम, टहलने व स्नान करने वालों का एक मनोरम स्थल बना हुआ है। यहाँ सुबह शाम सैकड़ो स्त्री–पुरुष सैर करने आते हैं तो दर्जनों युवा जलक्रीड़ा का आनन्द उठाते हैं। मठ प्रबन्ध तंत्र के द्वारा सुबह–शाम अंडरग्राउंड नाली के द्वारा ठंढा एवं ताजा जल एक तरफ से भरा जाता है और गर्म एवं गंदा जल दूसरी तरफ से बाहर निकलता है। इससे पशु, पक्षियों एवं सैकड़ो बंदरों की जीवनचर्या भी चलती है। कुल मिलाकर जिले का यह एक सुंदर, मनोरम एवं पवित्र आस्था का केंद्र भयंकर गर्मी में एक खास पर्यटन स्थल के रूप में जाना–पहचाना जाता है, जिसके भविष्य में और अधिक विकास और सुंदरीकरण की आवश्यकता है।

## यूपी-एमपी के अधिकारियों के साथ संयुक्तबाढ़ नियंत्रण समिति की अन्तर्जनपदीय बैठक संपन्न

मीरजापुर। मण्डलायुक्त विन्ध्याचल मण्डल डॉ मुथुकुमार स्वामी बी एवं मण्डलायुक्त रीवा सम्भाग मध्य प्रदेश जीसी डाड की अध्यक्षता में उत्तर प्रदेश एवं मध्य प्रदेश राज्य की संयुक्त बाढ़ नियंत्रण समिति की बैठक आयुक्त सभागार मीरजापुर में आहूत की गयी। बैठक में जिलाधिकारी मीरजापुर प्रियंका निरंजन, अपर आयुक्त विन्ध्याचल मण्डल आशीष मिश्रा, अपर पुलिस अधीक्षक नक्सल ओम प्रकाश सिंह एवं अधीक्षक अभियन्ता सिंचाई के अलावा सिंचाई विभाग मीरजापुर के सभी अधिकारी बैठक में उपस्थित रहें तो वहीं मण्डलायुक्त रीवा मण्डल, पुलिस उप महानिरीक्षक रीवा जोन साकेत प्रकाश पाण्डेय, जिलाधिकारी रीवा मध्य प्रदेश श्रीमती प्रतिभा पाल, पुलिस अधीक्षक रीवा विवेक सिंह, के अलावा जिलाधिकारी सोनभद्र चन्द्र विजय सिंह, पुलिस अधीक्षक सोनभद्र यशवीर सिंह के अलावा रीवा मण्डल के सिंचाई व बाढ़ से सम्बन्धित अधिकारी वर्चुअल माध्यम से बैठक में उपस्थित रहें। बैठक में दोनों प्रदेश के बाढ़ प्रभावित जनपदों, क्षेत्रों में बाढ़ नियंत्रण के लिये सिरसी, मेजा तथा अदवा बांधो के जल भराव सारणी एवं आपरेशन मैनुअल मध्य प्रदेश के अधिकारियों को उपलब्ध कराने के साथ ही पुनरीक्षित किये जाने के सम्बन्ध में चर्चा की गयी। बैठक में रीवा मण्डल के मण्डलायुक्त ने कहा कि मध्य प्रदेश जल संशाधन विभाग गंगा कछार रीवा के अधिकारियों द्वारा उत्तर प्रदेश स्थित अदवा एवं सिरसी बांधो की जल भराव सारणी एवं रेगुलेशन आर्डर में प्रस्तुत प्रस्ताव 15 अगस्त से 30 सितम्बर 2024 तक की अवधि में यह सुझाव दिया गया कि बांधो में पानी का स्तर मान्य किया जाए इस सम्बन्ध में उत्तर प्रदेश के सिंचाई विभाग के अधिकारियों के द्वारा मण्डलायुक्त को अवगत कराया गया कि सिंचाई एवं पेयजल हेतु वर्षा प्रारम्भ होते हुये बांधो में जल भराव किया जाना आवश्यक होता है परन्तु मध्य प्रदेश की स्थिति को दृष्टिगत रखते हुये मध्य प्रदेश के अधिकारियों के समुचित चर्चा एवं समन्वय स्थापित करते हुये बांधो से पानी छोड़ने की कार्यवाही की जायेगी। मण्डलायुक्त विन्ध्याचल मण्डल ने सिंचाई विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि रीवा एवं मीरजापुर एवं सोनभद्र के अधिकारियों से समन्वय स्थापित करते हुये सिरसी, मेला तथा अदवा बांधो के जल भराव एवं इससे छोड़े गये जल प्रवाह की जानकारी मध्य प्रदेश के अधिकारियों को उपलब्ध कराने हेतु व्हाट्सएप अथवा व्यक्तिगत मोबाइल दोनो माध्यम तथा वायरलेस के माध्यम से समय–समय पर उपलब्ध करायी जाए। बैठक में बांधो के जल ग्रहण क्षेत्रो तथा उनके डाउनस्ट्रीम में स्थापित वर्षामापी केन्द्रों की जानकारी तथा आवश्यकतानुसार अतिरिक्त केन्द्र स्थापित किये जाने के सम्बन्ध में भी चर्चा की गयी। बैठक में यह भी चर्चा की गयी कि बांधो से अधिक पानी छोड़ा जाना आवश्यक हो तो इसकी जानकारी समय से दोनो प्रदेश के अधिकारी एक दूसरे से समन्वय स्थापित कर उपलब्ध करायी जाए ताकि सम्भावित उपायो को सुनिश्चित कराया जा सकें। उत्तर प्रदेश के सिंचाई विभाग के अधिकारियों के द्वारा मध्य प्रदेश के अधिकारियों से अपेक्षा की गयी कि बाढ़ की स्थिति निर्मित होने पर कंटेजेंसी प्लान के तहत कार्यवाही की जाए। मण्डलायुक्त विन्ध्याचल मण्डल ने सभी अधिकारियों से कहा कि गत वर्षो की भांति उत्तर प्रदेश प्रशासन एवं सिंचाई विभाग द्वारा संवेदनशीलता के साथ कार्य करते हुये उपरोक्त सभी बिन्दुओ पर पूर्ण समन्वय एवं सहयोग सुनिश्चित किया जाए।

## ग्राम पंचायतों में पेयजल आपूर्ति की वास्तविक स्थिति के सत्यापन हेतु ब्लाकवार की गयी बैठक

मीरजापुर। जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन के निर्देश के क्रम में मुख्य विकास अधिकारी विशाल कुमार ने जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद के समस्त ग्रामों में पेयजल आपूर्ति की वास्तविक स्थिति के सत्यापन के लिए सभी खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि विकास खण्डवार ग्राम प्रधानों एवं ग्राम सचिवों की बैठक करायी जाय। इस क्रम में विगत दिनों विकास खण्ड राजगढ़ की बैठक विकास भवन में मुख्य विकास अधिकारी, मीरजापुर की अध्यक्षता में आयोजित की गयी, जिसमें 40 ग्राम पंचायतों के ग्राम प्रधानगण, प्रतिनिधि, 14 ग्राम पंचायतों के ग्राम विकास अधिकारी, सचिव, एडीओ पंचायत एवं सम्बन्धित खण्ड विकास अधिकारी तथा अपर जिलाधिकारी, नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति, मीरजापुर, अधिशासी अभियन्ता, उप्र जल निगम (ग्रामीण) एवं सम्बन्धित कार्यदायी फर्मों के परियोजना प्रबन्धक उपस्थित रहे। समस्त ग्राम पंचायतों में पेयजल आपूर्ति में पायी गयी कमियों को एक सप्ताह में ठीक कराने हेतु कार्यदायी फर्म मे. मेघा इंजीनियरिंग लिमिटेड को निर्देशित किया गया। इसी क्रम में निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में विकास खण्ड पटेहरा कलां में जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत पेयजल आपूर्ति व्यवस्था की समीक्षा बैठक आयोजित की गयी।

## बिना मुआवाजा के अधिग्रहण व रास्ता अवरुद्ध होने से ग्रामीणों में आक्रोश

मसौली, बाराबंकी(एजेंसी)। बुधवार की सुबह जैसे ही उपरिगामी सेतु का निर्माण कार्य प्रारंभ हुआ तो निर्माण इकाई एजेंसी ने अपने तय कार्यक्रम के मुताबिक गोण्डा बाराबंकी हाइवे के भयारा मोड़ पर कार्य प्रगति पर है का बोर्ड लगाकर रूट डायवर्जन कर दिया तो वही दूसरी तरफ उपरिगामी पुल के अंतिम बिंदु पर भी बोर्ड लगाकर रूट डायवर्जन का बोर्ड लगा दिया गया। जिससे कोटवा गांव सहित अन्य क्षेत्रीय लोगों का आवागमन में अवरोध उत्पन्न हो गया। जिसके संबंध में कोटवा गांव के काश्तकारों ने डीएम व सांसद बाराबंकी को एक शिकायती पत्र देकर अवगत कराया कि उत्तर प्रदेश राज्य सेतु निगम लिमिटेड द्वारा रफीनगर रेलवे स्टेशन के निकट कोटवा गांव के काश्तकारों की भूमि का अधिग्रहण बिना किसी मुआवाजा के साथ ही गांववासियों के आवागमन भी बाधित हो रहा है। जो कि न्याय संगत नही है।थाना क्षेत्र मसौली के कोटवा गांव के नरेंद्र कुमार ,इंद्रजीत,रामू क्रांति सहित अन्य ग्रामवासियों ने जिलाधिकारी एवं सांसद बाराबंकी को पत्र देकर बताया कि सभी गांववासी अपने अपने परिवार का भरण पोषण खेतीबाड़ी से करते आ रहे है।वर्तमान समय में गोण्डा बहराईच हाइवे के लिंक मार्ग भायरा सदरुद्दीनपुर मार्ग पर उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा समपार संख्या 311 पर 2लेन उपरिगामी सेतु के निर्माण की कार्ययोजना प्रस्तावित है। जिसका निर्माण उत्तर प्रदेश राज्य सेतु निगम निर्माण लिमिटेड द्वारा निर्मित किया जाना है। जिसमें ग्रामीणों की काशत को बिना किसी उचित मुआवाजे के अधिग्रहित करके खुदाई करवाकर निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया गया है।ग्रामीणों के विरोध करने पर सेतु निगम लिमिटेड द्वारा सरकारी कार्यो में बाधा डालने के लिये जेल भेजे जाने की धमकी दी जा रही है।

## महिलाओं ने लगाए आंगनबाड़ी संचालिका पर गंभीर आरोप

मधुबन, मऊ(एजेंसी)। जनपद के विकास खंड फतहपुर मंडाव के ग्राम पंचायत अहिरूपुर में आंगनबाड़ी महिला कर्मचारी के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करते हुए आंगनबाड़ी महिला कर्मचारी पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए कहा कि प्रदेश सरकार की जो भी योजना ग्रामवासियों के लिए आती है उसको आंगनबाड़ी कर्मचारी द्वारा नहीं वितरण किया जाता है ऐसे में ग्राम सभा की महिलाओं ने बताया कि मांगने पर महिला कर्मचारी लड़ जाती है और उल्टे में बतसुलूकी की करने लगती है। स्थानीय महिलाओं ने बताया, स्थानीय महिलाओं ने बताया कि जो सरकार द्वारा योजनायें है,वे सभी योजना कुछ कुछ लोगों को दे कर सारा बेचने का काम करती है।ऐसे में माँगने पर उल्टा गुस्सा हो कर जबाब देने लगती है। स्थानीय महिलाओं का कहना है कि अगर ऊपर के अधिकारियों से शिकायत दर्ज करने की बात कही जाती है,तो महिला कर्मचारी कहती है,कि जाओ कह देना कुछ फर्क नही पड़ने वाला है। इस संबंध में मुख्य रूप से प्यारी देवी, प्रमीला देवी, सोनी देवी, शारदा यादव, पुष्पा देवी, जगरानी देवी, अंजलि देवी, चंद्रा देवी, रेखा देवी आदि।ने बताया कि हम लोग उच्चाधिकारियों से संचालित आंगनबाड़ी के खिलाफ उचित कार्यवाही चाहते है। ताकि दुबारा ऐसे गलती न करें। इस संबंध ने जिला कार्यक्रम अधिकारी अजीत सिंह का कहना है मामला को दिखवाता हूं और उचित कार्यवाही करता हूं।

### पौहारी बाबा दर्शन करने गई युवती लापता, रिपोर्ट दर्ज

मुहम्मदाबाद गोहना, मऊ(एजेंसी)। स्थानीय कोतवाली थानान्तर्गत तिलसवां गाँव की एक युवती जो अपने पति के साथ मंगलवार की सुबह पड़ोसी जनपद आजमगढ़ के पौहारी बाबा आश्रम पर दर्शन करने गयी थी, वह वहाँ से लापता हो गयी। काफी तलाशने के बाद पति ने वहाँ के थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कर खोजबीन की गुहार लगाई है। बता दें कि घोसी थाने के सादीसराय की 22 वर्षीय सुषमा पुत्री कैलाश की शादी मुहम्मदाबाद गोहना थाने के तिलसवां गाँव निवासी संदीप कुमार पुत्र रामजनम के साथ हुई थी। दोनों पति–पत्नी मंगलवार को सुबह 9 बजे बोगरिया स्थित पौहारी बाबा के स्थान पर दर्शन करने गये। दर्शन के बाद पत्नी सुषमा कुछ साज–श्रृंगार की सामग्री खरीदने लगी। काफी देर बाद वापस नहीं आने पर पति ने काफी खोजबीन की लेकिन उसका कहीं पता नहीं चला। उसने सायंकाल वहाँ के स्थानीय थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करवाई। दर्ज सूचना के अनुसार गोरे रंग की 5 फिट 1 इंच लंबी सुषमा लाल कलर की साड़ी व सैंडिल पहने हुए है। उसने बताया कि बीती रात उसने 9355182639 व 8009768289 पर बात की थी।

### प्रधान पति को गोली मारने धमकी देने वाला मुखिया गिरफ्तार

बाराबंकी(एजेंसी)। इब्राहिमाबाद दलित महिला प्रधान पति को फोन पर धमकाने व गोली मारने वाद विवाद में बुधवार प्रधान संघ अध्यक्ष हरख नेतृत्व में डेढ़ दर्जन प्रधान कोतवाल से मिले। उसी चंद मिनटों बाद पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की। हरख ब्लॉक क्षेत्र के सबसे बड़ी ग्राम पंचायत इब्राहिमाबाद दलित महिला प्रधान प्रमिला रावत है। वह ऐतिहासिक व पौराणिक नाग देवता स्थल गाटा संख्या 3698 व 3699 पक्का चबूतरा व सौंदरीकरण निर्माण करा रही है। 17 जून को गांव निवासी शिधांशू श्रीवास्तव उर्फ हैप्पी श्रीवास्तव पुत्र स्व. ओम प्रकाश श्रीवास्तव इसी विरोध में प्रधान पति जितेंद्र रावत को फोन पर धमकी दी। गोली मारकर हत्या करने वाद विवाद हुआ। उधर, इसी दिन अमर सिंह यादव पुत्र स्व. रामनेवल व आरोपित भाई शिवांशु उर्फ कुन्नू श्रीवास्तव विवादित स्थल पर झोपड़ी बनाकर रहने वाले प्रदीप रावत पुत्र जगदीश रावत, उसकी पत्नी निशा रावत को लातघूसो व चप्पलों से पीट दिया। उसकी झोपड़ी में अमर सिंह यादव द्वारा आग लगाने कोशिश की गई। मामले में बुधवार सुबह प्रधान संघ अध्यक्ष हरख चट्टान सिंह के नेतृत्व में डेढ़ दर्जन प्रधान थाने पहुंचे। कोतवाल संतोष सिंह से वार्ता की। उसी चंद मिनटों बाद अमर सिंह यादव की पुलिस ने गिरफ्तारी कर ली। पुलिस ने बताया कि मामले में जांच जारी है। शेष लोगों की तलाश की जा रही है। उधर, पीड़ित प्रदीप रावत की तहरीर पर कार्रवाई नहीं होने से वह थाने निराश लौट गया।

### सीएचसी केंद्र में चोरों ने मोबाइल व पर्स पर हाथ किया साफ, जांच में जुटी पुलिस

फतेहपुर–बाराबंकी(एजेंसी)। कोतवाली से मात्र चंद कदमो की दूरी पर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में चोरो के हौसले इतने बुलंद हो गए हैं। कि अब सरकारी अस्पताल चोरों का अड्डा बनता जा रहा है। ऐसा ही एक मामला फतेहपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से निकलकर आया है। जहां पर ड्यूटी कर रही नर्स का मोबाइल व पर्स लेकर चोर फरार हो गए। पुलिस सीएचसी में लगे सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोर की तलाश में जुटी हुई है। मामला कोतवाली फतेहपुर से मात्र चंद कदम की दूरी पर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का है। जहां पर आये दिन चोर पुलिस की नाक के नीचे अनेकों चोरी की घटना को अंजाम दिये जा रहे हैं। जिसके चलते स्टाफ के पर्स और मोबाईल पलक छपकते ही चोरी हो जाते है। बाराबंकी के विकासभवन हनुमान पुरी कॉलोनी निवासी सुरभि शुक्ला जो कि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र फतेहपुर में नर्स के पद पर कार्यरत है। उन्होने प्रार्थना–पत्र देकर आरोप लगाया है कि बीती रात्रि में लगभग 11 बजे में पीडिता मरीज के इलाज हेतु लेबर रूम में कार्य कर रही है पीडित का मोबाईल व उसकी पर्स स्टाफ रूम में रखी हुई थी तभी शातिर चोर स्टाफ रूम के अन्दर जाकर वहां से पीडित का मोबाईल व उसकी पर्स में रखे एटीएम कार्ड व ढाई हजार रुपए लेकर फरार हो गया। पीड़िता ने इसकी लिखित तहरीर पुलिस को देकर कार्रवाई की मांग की है। वहीं घटना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने सीएचसी में लगे सीसीटीवी कैमरों की छानबीन कर अज्ञात चोर की तलाश में जुटी हुई हैं। इस सम्बन्ध में कोतवाल डी के सिंह ने बताया, कि मामले की तहरीर प्राप्त हुई है। जांच–पड़ताल की जा रही है जल्द ही चोर को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### पति से हुए विवाद के बाद नाराज पत्नी ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

बाराबंकी(एजेंसी)। थाना देवा अंतर्गत हुए पति–पत्नी के विवाद के बाद पत्नी ने फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। पत्नी की मौत के संबंध में बगैर किसी को कोई जानकारी दिए पति ने उसका शव गांव के पास जंगल में बालू डालकर छुपा दिया। जहां ग्रामीणों द्वारा शव देखे जाने पर लोगों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस मृतका के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर पति से पूरे मामले की पूछताछ कर रही है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक बीती 17 जून को थाना देवा के ग्राम मौजाबाद मजरे शाहपुर ग्वारी निवासी नरेंद्र रावत व उसकी पत्नी नगमा में आपसी विवाद हो गया। इस पर नरेंद्र घर की छत पर सोने चला गया। फिर बाद में जब नरेंद्र कमरे में वापस आया तो देखा नगमा ने कमरे की छत में लगे कुंडे के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। इसके संबंध में नरेंद्र ने किसी को कोई जानकारी नहीं दी और दो दिन तक पत्नी के शव को कमरे में छुपाए रखा।

## योग भारतीय संस्कृति की वो प्राचीन विधा है जो मानव शरीर को नई ऊर्जा से भर देता है: नन्दी

कानपुर। उत्तर प्रदेश सरकार के औद्योगिक विकास मंत्री एवं प्रभारी मंत्री कानपुर नगर नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर ग्रीन पार्क स्टेडियम में सुबह 06.00 बजे से आयोजित



योग शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित होंगे। प्रभारी मंत्री नन्दी ने प्रभारी जनपद कानपुर नगर के लोगों से विभिन्न स्थानों पर आयोजित योग शिविर में सम्मिलित होकर योगाभ्यास करने की अपील की। मंत्री नन्दी ने कहा कि भारतीय संस्कृति की ऐतिहासिक धरोहर योग मानव शरीर की एक ऐसी जरूरत है, जिसके अभ्यास के हजारों फायदे हैं। योग दिवस के अवसर पर सभी से अपील है कि जीवन में शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक संतुलन को बनाए रखने के लिए योग को नियमित दिनचर्या का हिस्सा अवश्य बनाएं। योग भारतीय संस्कृति की वो प्राचीन विधा है जो मानव शरीर को नई ऊर्जा से भर देता है।

## वांछित महिला को गिरफ्तार कर भेजा जेल

लालगंज, प्रतापगढ़। सांगीपुर पुलिस ने वांछित महिला को गिरफ्तार कर गुरूवार को जेल भेज दिया। सांगीपुर एसओ मनीष तिवारी गुरूवार सुबह हमराहियों के साथ गश्त पर निकले थे। इसी बीच मुखबिर की सूचना पर गारापुर गांव की श्यामा देवी पत्नी उमेश वर्मा को उसके घर के समीप से गिरफ्तार किया। एसओ ने बताया कि गिरफ्तार महिला आत्महत्या के लिए उकसाने के मुकदमें में वांछित थी। उसे जेल भेज दिया गया।

## दहेज उत्पीड़न को लेकर पति समेत पांच ससुरालीजनों पर केस दर्ज

लालगंज, प्रतापगढ़। कोतवाली पुलिस ने दहेज उत्पीडन के मामले को लेकर पति समेत पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के गोविन्दपुर गांव निवासी शंकरलाल वर्मा की पुत्री अनीता वर्मा ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि उसका विवाह छः वर्ष पूर्व लीलापुर थानान्तर्गत पतुलकी निवासी हरकेश वर्मा के पुत्र अच्छे लाल के साथ हुआ। विवाह के दो वर्ष बाद से ही पति अच्छे लाल, सास सुनीता, देवर पप्पू व ननद कंचन तथा ननद के पति दहेज की मांग को लेकर उसे प्रताड़ित करने लगे और जान से मारने की धमकी देने लगे। पीडिता का आरोप है कि अठारह जून को दहेज की मांग को लेकर उसे फिर प्रताडित किया गया और देवर ने बदनीयती से उसके कपड़े फाड़ डाले। कोतवाल अवन दीक्षित का कहना है कि तहरीर के आधार पर पति समेत पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

## मारपीट में घायल महिला की इलाज के दौरान मौत



लालगंज, प्रतापगढ़। मारपीट की घटना में घायल महिला ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। सूचना पर पुलिस ने शव को पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेजवाया। लालगंज कोतवाली के बभनपुर गांव निवासी अमृत लाल वर्मा की पत्नी गीता देवी 48 का सप्ताह भर पहले देवर से पारिवारिक विवाद हुआ था। जिसमें हुई मारपीट में गीता को गंभीर चोटें आयी थी। उसका लखनऊ के एक अस्पताल में इलाज चल रहा था। जहां बुधवार की रात उसकी मौत हो गयी। इसके बाद परिजन शव लेकर घर चले आये। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेजवाया। मृतक के दो पुत्र व एक पुत्री है। कोतवाल अवन दीक्षित का कहना है कि पारिवारिक विवाद में हुई मारपीट में महिला घायल हुई थी। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी। तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

## बंधक बनाकर युवक की पिटाई, जांच में जुटी पुलिस

लालगंज, प्रतापगढ़। आम तोडने के विवाद में आरोपियो ने पीडित को बंधक बनाकर मारापीटा। पीडित ने घटना को लेकर लालगंज पुलिस को तहरीर दी है। लालगंज कोतवाली के पूरे नैन टोडरपुर निवासी रामसेवक के पुत्र राकेश तिवारी ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती उन्नीस जून को दिन में ग्यारह बजे सराय लालमती गांव के दो आरोपियों ने उसके बेटे अमन को आम तोडने के विवाद में गाली देते हुए मारापीटा। तहरीर में कहा गया है कि घटना को लेकर विपक्षियों से उलाहना देने पर आरोपियों ने विवाद शुरू कर दिया। विपक्षियों के घर से पीडित का लड़का अमन घर वापस आ रहा था कि रास्ते में तीन अज्ञात लोगों ने उसे जबरिया पकड़ लिया। आरोपी उसकी आंख में कपड़ा बांधकर चार पहिया वाहन से उठा ले गये। काफी खोजबीन के बाद पीडित का पुत्र घर वापस लौटा तो आपबीती सुनाते हुए बताया कि उसे पेड में बांधकर आरोपियों ने जमकर मारापीटा। पीडित की तहरीर पर लालगंज पुलिस का कहना है कि घटना की जांच की जा रही है।

## कुसंग जीवन के समस्त पुण्य को पाप में बदल देता है-आचार्य देवव्रत जी

लालगंज, प्रतापगढ़। क्षेत्र के ढ़िगवस गांव में हो रही श्रीमदभागवत कथा में गुरूवार को श्रद्धालुओं की भीड़ दिखी। कथाव्यास प्रयागराज से पधारे आचार्य देवव्रत जी ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण का लीलावतार धर्म के अनुपालन कराए जाने के लिए हुआ। उन्होने श्रद्धालुओं को बताया कि श्रीमदभागवत महापुराण की कथा जीवन को संस्कारित परिवेश प्रदान करने वाली अमृत गंगा है। उन्होनें कहा कि मनुष्य को कुसंग से बचना चाहिए। कुसंग क्षण भर में जीवन को नष्ट कर देने की घातकता का श्राप है। कथा में श्रद्धालुओं ने श्रीद्वारिकाधीश के नाम जाप के साथ व्यासपीठ का पूजन अर्चन किया। संयोजक निर्मला पाण्डेय व रामप्रताप पाण्डेय ने कथाव्यास आचार्य देवव्रत जी का श्रद्धालुओं की ओर से सम्मान किया। इस मौके पर प्रभाशंकर शुक्ल, ज्ञानप्रकाश शुक्ल, विकास मिश्र, हरीश मिश्र, मोनू पाण्डेय, रज्जन मिश्र, रामकुमार पाण्डेय आदि रहे।

## आज की शाम भाई चारे के नाम



फैजाबाद। ईदुल अजहा के मौके पर ईद मिलन का प्रोग्राम जिले के ज्वेलरी व्यापारी नूरैन अंसारी के निवास पर हुआ। प्रोग्राम की अध्यक्षता करते हुए मशहूर शायर और एक्टिविस्ट मुजम्मिल फिदा ने कहा कि त्योहार हमें खुशी के साथ साथ मेल जोल से एक साथ रहने का पैगाम देते हैं। चन्द दिन की जिन्दगी में खुशी के पल तलाश कर खुश रहना चाहिए। फिदा ने कहा ईद हमें मतभेद त्याग कर आपस में प्यार मोहब्बत से रहने का पैगाम देती है। नूरैन अंसारी ने कहा कि अपने को सबसे छोटा मानकर पालनहार की मर्जी के वास्ते अपना सब कुछ न्यौछावर कर देना चाहिए। इस मौके पर जिन खास लोगों ने अपने विचार रखे उनमें काबिले तारीफ थे, शूज व्यापारी शमशाद, जमाल नईम, मास्टर गुलजार खघन, मो. इश्तियाक, मो. इरशाद, आर्टिस्ट रेहान खान, डा. फजलुर्रहमान खान, अमित फैजी और सरदार गुरदीप सिंह प्रोग्राम में दर्जनों खास ओ आम लोग मौजूद रहे, सिवई और खान पान के साथ ऐसे प्रोग्राम बार बार करने पर जोर दिया गया ताकि समाज में साझी विरासत को आगे बढ़ाकर मजबूत किया जा सके।

## ऑनलाइन ट्रेडिंग बन्द हो या सरकार टैक्स लगाये

फैजाबाद। प्रान्तीय अध्यक्ष बनवाई लाल कंचन ने अवध मॉल रामपथ फैजाबाद अयोध्या में व्यापारियों की बैठक में सभी की समस्याओं को सुनकर कहा कि जल्द समस्याओं का समाधान किया जाएगा ताकि व्यापारी बंधुओं का किसी प्रकार का अहित न हो। गौरतलब हो कि 29 से 30 जून को लखनऊ में व्यापारियों का प्रांतीय चुनाव व सम्मेलन है। प्रांतीय अध्यक्ष ने सभी व्यापारियों से लिखित में आपत्ति देने को कहा है। नगर विकास मंत्री सम्बन्धित विभागों के प्रमुख सचिवों और वाणिज्य कर आयुक्त से मिलकर समुचित निदान कराने को कहा है। इस बैठक में संगठन के प्रान्तीय उपाध्यक्ष आशीष अग्रवाल, सचिव मनोज जायसवाल, महामंत्री ज्ञान केसरवानी, अध्यक्ष चन्द्र प्रकाश गुप्ता, एस० पाल अग्रवाल आदि व्यापार मण्डल के कार्यकर्ता और व्यापारीगण मौजूद रहे। संचालक महानगर महामंत्री अरूण कुमार अग्रवाल ने किया। महामंत्री अरूण कुमार अग्रवाल ने बताया कि प्रापर्टी ट्रांसफर व नये निर्माण कार्य के नक्शे पर निगम द्वारा विकास प्राधिकारण का शुन्क जमा होने के बावजूद एन०ओ०सी० के नाम पर लाखों डिमांड की जा रही है। जनता का शोषण किया जा रहा है।

## खड़ी ट्रक में घुसी कार, एक युवक की मौत दूसरा घायल

लालगंज, प्रतापगढ़। खड़ी ट्रक में कार की हुई जोरदार टक्कर से कार पर सवार एक युवक की मौत हो गयी। वहीं दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। मौत की जानकारी होने पर परिवार में कोहराम मचा है। परिवार के लोगों द्वारा पीएम कराने से इंकार करने पर पुलिस ने शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया। मृतक के शव को शाम को दफन कर दिया गया। लालगंज कोतवाली के सलेम भदारी गांव निवासी अरसद शेख 25 पुत्र रईस शेख गुरूवार सुबह अपनी आर्टिगा कार से गांव के आलम खान 22 पुत्र रईस खान के साथ अपने चाचा को रायबरेली में ट्रेन पर बैठाने गया था। वहां से घर लौटते समय सुबह करीब पांच बजे रायबरेली जौनपुर राजमार्ग पर रायपुर तियाई के समीप पेट्रोल पम्प के पास खड़ी ट्रक में कार की पीछे से जोरदार टक्कर हो गयी। जिससे कार पर बैठे अरसद की मौत हो गयी। वहीं कार चला रहे आलम खान गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी होते ही पुलिस ने आसपास के लोगों के सहयोग से दोनों को लालगंज ट्रामा सेण्टर भेजवाया। यहां हालत गंभीर देख चिकित्सकों ने आलम को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। इधर युवक की मौत की जानकारी उसके घर पहुंची तो कोहराम मच गया। आननफानन में भाग कर लोग ट्रामा सेण्टर पहुंचे और शव से लिपटकर रोने बिलखने लगे। परिजनों ने शव को बिना पीएम कराए शाम को गांव स्थित कब्रिस्तान में दफन कर दिया।

## राष्ट्रीय गौरक्षा वाहिनी गौ सेवा संघ ने डीएम को सौपा 4 सूत्रीय ज्ञापन

### जिलाधिकारी ने सीडीओ से जांच कराने का दिया निर्देश

सुल्तानपुर(आरएनएस)। प्रदेश की भाजपा सरकार में जिला प्रशासन शिकायत निवारण में पूरी सक्रियता भले बरत रहा हो, पर कार्यवाही न होने से नाराज राष्ट्रीय गौरक्षा वाहिनी गौ सेवा संघ ने एक दिन पहले नदी में एक साथ 16 गौवंश का शव फेंके जाने को लेकर उग्र हो कर जिलाधिकारी को चार सूत्रीय विज्ञापन सौंपा। राष्ट्रीय गौरक्षा वाहिनी गौ सेवा संघ के प्रदेश प्रभारी सर्वेश सिंह सहित टीम के अन्य कार्यकर्ताओं ने गौ माता पर हो रहे अत्याचार को लेकर जिलाधिकारी से मिले। संघ ने जिलाधिकारी कृतिका ज्योत्सिना को चार सूत्रीय ज्ञापन सौंपते हुए मामले में मजिस्ट्रेटी जांच कराए जाने की बात कही है। मामले में गंभीरता लेते हुए जिलाधिकारी ने मुख्य विकास अधिकारी अंकुर कौशिक को कार्यवाही करने के लिए कहा है। ज्ञापन में संघ का आरोप है कि गोसाईगंज थाना क्षेत्र के हयातनगर स्थित गौशाला के पास नदी में एक साथ 16 मृत गोवंश के शव नदी में उतराने की सूचना प्राप्त हुई थी। जिसे लेकर कार्यकर्ताओं में काफी रोष पैदा हो गया। इस संबंध में थाना गोसाईगंज से वार्ता करने पर पता चला कि सभी मृत गोवंश का दफन करवा दिया गया। संगठन के सामने एक बड़ा प्रश्न चिन्ह खड़ा हो गया कि अगर एक साथ सभी सोलह गोवंश मृत पाए गए कारण का पता नहीं तो बिना पोस्टमार्टम करें दफन क्यों करवा दिया गया। तथा दूसरी बात यह है कि एक साथ 16 गोवंश किस गौशाला के है जो नदी में फेंक दिया गया, नदी का पानी भी दूषित हो रहा है। गोवंश मृत होने के कारण भूख प्यास से मरना तो नहीं है,जो संगठन के सामने एक बड़ा प्रश्न चिन्ह खड़ा हो रहा है। बगैर पुख्ता जांच किये हुए विभाग द्वारा फर्जी रिपोर्ट देने सहित अन्य मुद्दे को लेकर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा।

## प्रशासन के मना करने के बावजूद नहीं माना दबंग, सार्वजनिक रास्ते पर किया कब्जा

बघौलीध्हरदोई(एजेंसी)। विकासखंड कछौना तहसील संडीला के अंतर्गत ग्राम पंचायत महरी में दबंग युवक के द्वारा कुछ दिनों पूर्व सार्वजनिक रास्ते पर कुछ छत डाल ली गई थी इसके बाद कुछ लोगों के द्वारा इस पर आपत्ति की गई जिसकी शिकायत जिला अधिकारी पुलिस अधीक्षक एवं तहसील अधिकारियों से भी की गई मौके पर लेखपाल व पुलिस ने पहुंचकर हो रहे अवैध निर्माण को रुकवा दिया इसके उपरांत मामला न्यायालय में विचाराधीन हो गया परंतु न्यायालय व प्रशासन युवक के सामने बौना साबित हो रहा है युवक के द्वारा बार–बार कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा है।बताते चलें महरी गांव में शिव शंकर लाल अवस्थी का सार्वजनिक रास्ता के दोनों तरफ मकान है दोनों मकानों के बीच से रास्ता निकाला हुआ है उसे रास्ता पर शिव शंकर के द्वारा लंबे समय से छत डालकर रास्ता को कब्जाने का प्रयास किया जा रहा है इसके बाद उसके द्वारा कुछ क्षेत्रफल में छत डाल भी दी गई है शेष अब पूरी गली पर छत डालने का लगातार प्रयास किया जा रहा है जिसका आम जनमानस विरोध कर रहा है जबकि शिव शंकर के मकान के पीछे शशीकांत मिश्रा का मकान है उन्होंने रास्ता पर किए जा रहे कब्ज का विरोध करते हुए जिला अधिकारी पुलिस अधीक्षक व तहसील प्रशासन को प्रार्थना पत्र दिया इसके बाद मौके पर लेखपाल व पुलिस बल भी पहुंच लेखपाल व पुलिस बल मौके पर गाटर व फंटी को हटवा दिया था परंतु पुनः एक बार फिर गली के ऊपर गाटर फंटी लगाकर छत डालने का प्रयास किया जा रहा है प्रशासन के मना करने के बावजूद भी मानने को तैयार नहीं है।

## हरदोई में 7 साल की बच्ची की गला दबाकर हत्या,गन्ने के खेत में पड़ा मिला शव,दुष्कर्म के बाद हत्या की आशंका

हरदोई(एजेंसी) ।महुआ बीनने गई 7 साल की बालिका की गला दबाकर हत्या कर दी गई।नग्न अवस्था में बालिका का शव एक गन्ने के खेत से बरामद किया गया है।बालिका कल से लापता थी और आज उसके शव को बरामद किया गया है।आशंका व्यक्त की जा रही है कि बालिका की रेप के बाद गला दबाकर हत्या की गई है।वारदात की सूचना के बाद पूरे गांव में सनसनी फैल गई, तमाम ग्रामीणों की भीड़ मौके पर इकट्ठा हो गई और भारी पुलिस बल के साथ आलाधिकारी मौके पर पहुंचकर और पूरे मामले की जांच पड़ताल में जुटे हैं।पुलिस ने मृतका के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और वारदात को अंजाम देने वाले शख्स की तलाश में जुटी है।जिले में टड़ियावां थाना इलाके के एक गांव में उस समय सनसनी फैल गई जब एक 7 साल की बालिका का शव गन्ने के खेत से बरामद किया गया।बताया जा रहा है कि बालिका कल दोपहर महुआ बीनने के लिए घर से खेत पर गई थी।बालिका जब वापस नहीं लौटी तो घर वालों ने उसकी देर रात तक खोजबीन की,खोजबीन करते समय खेत के बाहर उसके कपड़े बरामद हुए।आज सुबह जब परिजन बालिका को खोजते हुए गन्ने के खेत के अंदर स्थित महुआ के पेड़ के पास पहुंचे तो नग्न अवस्था मेंबालिका का शव पड़ा दिखाई दिया।बालिका की गर्दन पर चोट के निशान देखे गए हैंआशंका व्यक्त की जा रही है कि बालिका की दुष्कर्म के बाद किसी ने गला दबाकर हत्या कर दी है।हत्या की वारदात के बाद पूरे गांव में हड़कंप मच गया और तमाम ग्रामीणों की भीड़ मौके पर इकट्ठा हो गई।सूचना के बाद एसपी,एडिशनल एसपी और सीओ भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल में जुटे हैं।पुलिस ने मृतका के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है और वारदात के खुलासे के लिए कई टीम गठित की हैं।

## पतंजलि महिला समिति ने योगा दिवस के पूर्व कराया योगाभ्यास

हरदोई(एजेंसी) ।हर वर्ष की भांति योग सप्ताह के अंतर्गत पतंजलि महिला जिला प्रभारी विनीता पांडे एवं सहयोगी बहनोंद्वारा महाराज सिंह पार्क मेंप्रोटोकॉल




योग रिहर्सल करवाया गया। इसका उद्देश्य यह था कि सभी की सभी 21 जून को अपने गांव में गलियों में घर में योग करें इस कार्यक्रम में सरकार और हरदोई के जिला अधिकारी ने भी मीटिंग की थी कि योग को जन–जन तक पहुंचाना है वही पतंजलि परिवार का भी यही उद्देश्य रहा है कि निशुल्क योग करके लोग रोगों को दूर भगाएं और अपनी ऋषि परंपरा को आगे बढ़ाएं। इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती प्रेमावती वर्मा ,नगर पालिका अध्यक्षा डॉक्टर श्रीमती चित्रा मिश्रा , भाजपा महिला मोर्चा की अध्यक्षा श्रीमती अलका गुप्ता, गुरु गोरखनाथ के प्रबंधिका एवं विभिन्न सामाजिक संस्थाओं से जुड़ी हुई श्रीमती अनुराधा मिश्रा ,एवं जिला प्रभारी हरिवंश सिंह, युवा प्रभारी सोनू गुप्ता सभी ने दीप प्रज्वलन करके योग प्रोटोकॉल का शुभारंभ किया ।इस मौके पर संस्था की महिला पदाधिकारी बहने महामंत्री विजयलक्ष्मी, संगठन मंत्री श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष अनीता मिश्रा, नगर अध्यक्ष सुधा गुप्ता ,सह कोषाध्यक्ष आरती गुप्ता, सह संगठन मंत्री मीनू सैनी, मीडिया प्रभारी योग शिक्षिका कंचन गुप्ता, बीना त्रिपाठी, पुष्पा मिश्रा, शशि बहन एवं रिंकी गुप्ता, सुमन बहन, मीना बहन, दीपिका श्रीवास्तव, रुबी गुप्ता, सरस्वती गुप्ता,प्रीति अग्निहोत्री, मनु गुप्ता, जय भोले समिति की अध्यक्ष पूजा गुप्ता, राकेश, विमलेश, अनूप भैया ,संदीप, राजेश, मुख्य योग शिक्षक प्रमोद पांडे, ललित गुप्ता,पूनम बहन, को सचिन गुप्ता आदि सभी भाई बहनों ने बहनों ने कार्यक्रम को सफल बनाने में अपनी अहम भूमिका निभाई। इस मौके पर मुख्य अतिथि एवं समाज सेवी संस्थाओं को भी सम्मानित किया गया।

## बेसिक शिक्षकों द्वारा लिखित पुस्तकों का जिलाधिकारी द्वारा किया गया विमोचन

हरदोई(एजेंसी) ।जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने बेसिक शिक्षा परिषद में कार्यरत प्राथमिक विद्यालय पिरोजापुर, विकास खण्ड बावन के प्रधानाध्यापक राजीव कुमार सिंह एवं राज्य अध्यापक पुरस्कार प्राप्त शिक्षक डॉ लाल बहादुर गौतम प्रधानाध्यापक प्राथमिक विद्यालय म्योनी विकास खण्ड सुरसा द्वारा लिखित पुस्तकें निपुण बनेंगे हम, कला की दुनिया, एवं आई.सी.टी. स्मार्ट शाला पुस्तकों का जिलाधिकारी ने अपने कार्यालय में लोकार्पण किया । आपको बताते चलें कि दोनों शिक्षकों ने अपने विद्यालयों में बच्चों के अंदर नए–नए प्रयोग करके शैक्षिक गतिविधियों एवं कला शैक्षिक एवं तकनीकी शिक्षा में बच्चों को पारंगत बनाने का प्रयास किया। उन्ही गतिविधियों का उक्त पुस्तकों में संकलन किया गया है। जनपद मे उक्त दोनों विद्यालयों के शिक्षको ने अपनी मेहनत और लगन से नई–नई शैक्षणिक विधाओं का पुस्तकों में संकलन किया है जिसके माध्यम से हमारे बेसिक के बच्चों को उक्त गतिविधियों से कुछ न कुछ नई चीजे सीखने को मिलेंगी निपुण बनेंगे हम पुस्तक में कक्षा 1 से लेकर तीन तक की सभी गतिविधियों का संकलन किया गया है ।

## फ्रॉड कर खाते से निकाले गये 20 हजार रुपये पुलिस ने कराए वापस



बाराबंकी। आवेदक आरक्षी दीपक कुमार यादव निवासी पुलिस लाइन, जनपद बाराबंकी के साथ यूपीआई के माध्यम से साइबर फ्रॉड कर 20,000–रुपये निकाल लेने के सम्बन्ध में ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुआ। पुलिस अधीक्षक बाराबंकी दिनेश कुमार सिंह द्वारा साइबर थाना जनपद बाराबंकी को त्वरित कार्यवाही करते हुए पीड़ित की शत प्रतिशत धनराशि वापस कराए जाने हेतु निर्देशित किया गया। संदर्भित प्रकरण में तत्काल साइबर थाना बाराबंकी द्वारा साइबर तकनीक का प्रयोग कर संबंधित मर्चेंट से पत्राचार कर पीड़ित के 20,000– रुपयों को खाते में वापस कराया गया ।

## बिजली बिल कम कराने के नाम पर धोखाधड़ी करने वाले दो गिरफ्तार,



बाराबंकी। पुलिस अधीक्षक बाराबंकी दिनेश कुमार सिंह द्वारा जनपद में अपराध पर प्रभावी नियंत्रण लगाने हेतु अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी डॉ0 अखिलेश नारायण सिंह के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी सदर श्री सुमित त्रिपाठी के पर्यवेक्षण में गुरुवार को स्वाटध्सर्विलांस व थाना जैदपुर पुलिस टीम द्वारा मैनुअल इंटेलीजेन्स व डिजिटल डेटा के आधार पर अभियुक्तगण महेश कुमार पुत्र विक्रम निवासी मेडुवा थाना रामसनेहीघाट बाराबंकी, मो0 असलम पुत्र इमाम अली निवासी ग्राम राजपुर थाना रामसनेहीघाट जनपद बाराबंकी को सफदरगंज चौराहे के पास,गीता रेस्टोरेंट के सामने से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण के कब्जे से एक अदद लैपटाप व कूटरचित बिजली बिल रसीदें बरामद की गयी। गिरफ्तार अभियुक्तगण द्वारा लूम चलाने वाले व्यापारियों को टारगेट किया जाता है और उनसे बिजली बिल कम कराने के नाम पर कूटरचित बिल तैयार कर धोखाधड़ी की जाती है। अभियुक्तगण द्वारा बिजली विभाग के कर्मियों से सांठगाठ कर कूटरचित बिजली बिल की रसीदें देकर अब तक कुल 04 व्यापारियों से करीब 4,74,000–रूपये की धोखाधड़ी की गयी है।

## पुलिस के प्रयास से दो दंपति एक साथ रहने को राजी

बाराबंकी ।पुलिस अधीक्षक बाराबंकी दिनेश कुमार सिंह के निर्देशन में वैवाहिक विवादों का त्वरित निस्तारण करने हेतु महिला थानाध्महिला




परामर्श केन्द्र द्वारा प्रयास किया जा रहा है जिसके क्रम में गुरुवार को पति–पत्नी के परिवारिक विवाद सम्बन्धी 02 मामले में दोनों पक्ष के लोग उपस्थित आये। महिला थानाध्महिला परामर्श केन्द्र द्वारा काउंसलिंग करने के परिणामस्वरूप प्रार्थना पत्रों में दोनों पक्षों की समस्याओं को सुनते हुए आपसी सहमति से सुलह समझौता कराया गया। दोनों पक्षों द्वारा आपस में एक– दूसरे को विश्वास दिलाया गया कि हम दोनों नवजीवन की नई शुरूआत करते हुए हंसी–खुशी अपना जीवन यापन करेगें। महिला थाना प्रभारीध्काउंसलरों द्वारा दंपति को नवजीवन की शुरूआत की शुभकामनाएं देते हुए समझाया गया कि बीती बातों को लेकर विवाद नही करेंगे और आपस में प्यार से रहेगें। महिला थाना प्रभारीध्काउंसलरों द्वारा 15 दिन बाद दम्पति की कुशल क्षेम पूछने हेतु पुनः बुलाया गया है।

## पत्रकार पर जानलेवा हमला, आरोपी गिरफ्तार

सुल्तानपुर( । पेट्रोल पंप से तेल भरवा कर लौट रहे पत्रकार पर मनबढ़ दबंगों ने रोककर जानलेवा हमला किया। मामले में नगर कोतवाली पुलिस ने तीन नामजद व एक अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है। बुधवार को नगर कोतवाली क्षेत्र में करौंदिया मोहल्ले के निवासी पत्रकार मनोज कुमार तिवारी पुत्र स्व मधुर तिवारी अपने भाई महेश, चचेरे भाई प्रमोद तिवारी पुत्र रत्नाकर तिवारी के साथ कुड़वार रोड पर पयागपट्टी में पेट्रोल पंप पर कार में पेट्रोल भरवाने गए थे। पेट्रोल भरवाने के बाद शहर की तरफ वापस लौटते समय मिल्क मैन डेयरी के पास पहुंचते ही राजेश यादव, राहुल यादव व घनश्याम यादव निवासी पयाग पट्टी चका अपने अन्य साथी के साथ पहुंचे और बोले कि तुम्हारा नाम मनोज तिवारी है जब पीड़ित ने हां बोला तो राजेश ने लोहे की रॉड से जानलेवा हमला कर दिया और अन्य साथियों को ललकारते हुए कहा कि तीनों को मारो कोई बचना नही चाहिए। मारपीट में ही 17 सौ रुपए छीनने का भी आरोप है।हमले में पत्रकार सहित उसके भाईयो को गंभीर चोटे आई। नगर कोतवाली पुलिस ने मनोज कुमार तिवारी की तहरीर के आधार पर जानलेवा हमला सहित गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# आस्ट्रेलिया ने स्काटलैंड को हराया, इंग्लैंड सुपर-8 में पहुंचा



ग्रॉस आइलेट (सेंट लूसिया),16 जून। ऑस्ट्रेलिया ने देर से वापसी करते हुए स्कॉटलैंड को भारतीय समयानुसार रविवार को ग्रुप बी मुकाबले में पांच विकेट से हराकर उसकी क्वालीफाइंग उम्मीदों का अंत कर दिया जबकि ऑस्ट्रेलिया की इस जीत से इंग्लैंड को टी 20 विश्व कप के सुपर–8 में प्रवेश मिल गया।

स्कॉटलैंड को आगे बढ़ने और इंग्लैंड की खिताब बचाने की उम्मीदों का अंत करने के लिए ऑस्ट्रेलिया को हराने की जरूरत थी। स्कॉटलैंड ने 20 ओवर में पांच विकेट पर 180 रन का मजबूत स्कोर बनाया। ऑस्ट्रेलिया को लक्ष्य तक पहुंचने के लिए आखिरी ओवर तक जूझना पड़ा और उसने 19.4 ओवर में जाकर जीत हासिल की।

मार्कस स्टॉयनिस और ट्रेविस हेड ने अर्धशतक बनाये और चौथे विकेट के लिए 44 गेंदों में 80 रन की साझेदारी की।

स्कॉटलैंड को पहले बल्लेबाजी करने के लिए आमंत्रित करने पर, एश्टन एगर को टीम में बुलाने का ऑस्ट्रेलिया का मास्टरस्ट्रोक अच्छा काम आया क्योंकि उन्होंने पहले ही ओवर में माइकल जोन्स को आउट कर दिया। लेकिन स्कॉटलैंड ने ब्रैंडन मैकमुलेन और जॉर्ज मुन्से के माध्यम से पावरप्ले में 54 रन बनाकर शुरुआती झटके पर तुरंत काबू पा लिया।

मुन्से ने 6–6–4 के शॉट लगाकर पांचवें ओवर का अंत किया, जो ग्लेन मैक्सवेल की गेंदबाजी का एक महंगा क्रम था। मैकमुलेन ने आठवें ओवर में सिर्फ 26 गेंदों पर अपने 50 रन पूरे कर लिए।

इसके बाद मैक्सवेल ने नौवें ओवर में मुन्से (23 गेंदों पर 35 रन) को आउट करके महत्वपूर्ण विकेट हासिल किया, जिससे 89 रन की साझेदारी समाप्त हुई। ड्रिंक्स ब्रेक के समय स्कॉटलैंड 96ध्2 पर पहुंच गया और फिर कप्तान रिची बेरिंगटन एक चौके के साथ एक्शन में शामिल हो गए।

इन–फॉर्म स्पिनर एडम जम्पा ने मैकमुलेन (34 गेंदों में 60) को आउट किया, और मैक्सवेल ने अपने अंतिम ओवर में फुल टॉस के साथ मैथ्यू क्रॉस (11 गेंदों में 18) का विकेट लिया। बेरिंगटन (नाबाद 42) ने स्कॉटलैंड की पारी को संभाला और उन्हें 180 के कुल स्कोर तक पहुंचाया क्योंकि ऑस्ट्रेलिया ने रन गति को ध ीमा करने के लिए कड़ी मेहनत की।

इस प्रक्रिया में, ऑस्ट्रेलिया ने अवांछित इतिहास रचा, टी20 विश्व कप के इतिहास में छह कैचिंग मौके छोड़ने वाली पहली टीम बन गई।

180 रन का बचाव करते हुए, स्कॉटलैंड ने गेंद से शुरुआती झटका दिया, क्योंकि ब्रैड व्हील ने डेविड वार्नर को गेंद को ऊपर उठाने के लिए मजबूर किया और बेरिंगटन ने अच्छा कैच पकड़ लिया।

ट्रैविस हेड ने ऑस्ट्रेलिया के लक्ष्य का पीछा रोकने के लिए पहल करने की कोशिश की। फिर मिचेल मार्श छठा ओवर शुरू होने पर डीप मिडविकेट पर कैच दे बैठे। पावरप्ले में ऑस्ट्रेलिया का स्कोर 36ध्2 था।

ऑस्ट्रेलिया का पहला छक्का सातवें ओवर में हेड की बल्ले से आया, जो 30 के पार चले गए। हालाँकि, मैक्सवेल (8 गेंदों में 11) जल्द ही मार्क वॉट की तेज घूमती गेंद पर आउट हो गए, जो ऑफ स्टंप पर लगी। क्रीज पर मार्कस स्टॉयनिस के आने के साथ ड्रिंक्स तक ऑस्ट्रेलियाई टीम 74ध्3 थी।

ड्रिंक्स ब्रेक के बाद, हेड और स्टॉयनिस ने 12 चौकों की मदद से 80 रन की साझेदारी करके ऑस्ट्रेलिया को वापसी दिलाई। हेड 50 रन पर पहुंचे लेकिन लॉन्ग ऑफ पर जोन्स द्वारा कैच किए जाने से पहले 16वें ओवर में ऑस्ट्रेलिया का स्कोर 140ध् 4 था।

फिर, स्टॉयनिस ने अपनी शक्तिशाली हिटिंग जारी रखते हुए मोर्चा संभाला। रिवर्स स्वीप के प्रयास में बोल्ड होने से पहले उन्होंने 29 गेंदों पर 59 रन बनाए।

बाद में, टिम डेविड (14 गेंद पर नाबाद 24) ने 17वें ओवर में ऑस्ट्रेलिया के लक्ष्य को रन–ए–बॉल पर ला दिया। बहुत सारे विकेट हाथ में रहते हुए, ऑस्ट्रेलिया ने दो गेंद शेष रहते जीत हासिल कर ली, जिससे इंग्लैंड को बहुत फायदा हुआ।

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारी हार के बाद ओमान पर शानदार जीत और स्कॉटलैंड के खिलाफ शुरुआती मैच में हार ने गत चौंपियन इंग्लैंड को खतरनाक स्थिति में छोड़ दिया था और नामीबिया के खिलाफ जीत भी पर्याप्त नहीं थी क्योंकि उनका भाग्य ऑस्ट्रेलिया और स्कॉटलैंड के बीच परिणाम पर निर्भर था।

अगर स्कॉटलैंड ने ऑस्ट्रेलिया को हरा दिया होता, तो इससे इंग्लैंड की खिताब बचाने की उम्मीदें खत्म हो जातीं। लेकिन ऑस्ट्रेलिया ने ऐसा उलटफेर नहीं होने दिया।

# भारत की मजबूत बल्लेबाजी सुपर-8 में एक्स फैक्टर: राबिन सिंह



नई दिल्ली, 20 जून। टी20 विश्व कप 2024 में टीम इंडिया का पहला सुपर 8 मैच अफगानिस्तान के खिलाफ होगा। मैच को लेकर फैंस के बीच काफी उत्साह है। दोनों ही एशियाई टीमेंटूर्नामेंट मेंशानदार फॉर्म मेंहैं। इस बीच भारत के पूर्व ऑलराउंडर रॉबिन सिंह ने कहा कि भारत की मजबूत बल्लेबाजी लाइनअप सुपर–8 में उनके लिए एक्स फैक्टर है।

रॉबिन सिंह का मानना है कि रोहित शर्मा की अगुवाई वाली टीम गुरुवार रात बारबाडोस में अफगानिस्तान के खिलाफ टी20 विश्व कप सुपर आठ अभियान की शुरुआत करने से पहले काफी अच्छी फॉर्म में है। उन्होंने कहा कि टीम का मजबूत बल्लेबाजी क्रम काफी अंतर पैदा कर सकता है।

भारत ने यूएसए में आयोजित मैचों में ग्रुप ए में शीर्ष स्थान हासिल किया और सुपर–8 में आसानी से जगह बनाई।

भारत ने 2010 से पुरुषों के टी20 में अफगानिस्तान से आठ बार मुकाबला किया है, और हर बार मैच पर अपना कब्जा जमाया है।

रॉबिन ने कहा, मुझे लगता है कि यह एक महत्वपूर्ण मैच है। जब भी भारत सुपर 8 का अपना पहला मैच खेलता है तो यह काफी महत्वपूर्ण होता है। लेकिन सबसे महत्वपूर्ण बात जीतना है। अफगानिस्तान ने काफी अच्छा क्रिकेट खेला है।उनके पास वकई बेहतरीन स्पिन गेंदबाजी आक्रमण है, जिसका वे इस्तेमाल करेंगे। शायद यह मैदान उनके लिए उतना अनुकूल न हो। भारतीय टीम भी अच्छी फॉर्म मेंहै। उसने सभी मैच जीते हैं। उसके पास बेहतरीन गेंदबाजी है, साथ ही एक मजबूत बल्लेबाजी लाइन–अप भी है। इसलिए, इससे बहुत फर्क पड़ना चाहिए।ग्रुप 1 से शीर्ष दो टीमों में शामिल होने और सेमीफाइनल में प्रवेश करने की अपनी कोशिश में भारतीय टीम बांग्लादेश और ऑस्ट्रेलिया से भी भिड़ेगी।

भारत के लिए 136 वनडे मैच खेलने वाले रॉबिन सिंह ने कहा, मुझे लगता है कि हर मैच महत्वपूर्ण है। टी20 में कोई भी जीत सकता है। हमने अब तक विश्व कप में देखा है कि कमजोर टीमों ने कई उलटफेर किए हैं। लेकिन मुझे लगता है कि इसमें विकेटों की अहम भूमिका रही है। सच कहूं तो विकेट बहुत अच्छे नहीं थे। तो, उम्मीद है कि अब वे बारबाडोस में खेल रहे हैं जो एक अच्छी विकेट है।

यह काफी अच्छा ट्रैक है और हमेशा की तरह यह तेज गेंदबाजी के अनुकूल है। मैं निश्चित रूप से कहूंगा कि इस मैच (अफगानिस्तान के खिलाफ) में भारत का पलड़ा भारी है। आपके पास हार्दिक सहित चार–आयामी आक्रमण हैं।

बारबाडोस में, बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव को ग्रुप ए के मैच नहीं खेलने पर चर्चा हो रही है। न्यूयॉर्क में स्पिनरों के लिए अनुकूल परिस्थितियां नहीं थीं।यह पूछे जाने पर कि क्या भारत अफगानिस्तान के खिलाफ मैच के लिए अपनी प्लेइंग–11 में कोई बदलाव कर सकता है, रॉबिन ने कहा कि यह पता लगाना मुश्किल है कि टीम अपने विजयी संयोजन में कोई बदलाव करेगी या नहीं।मुझे लगता है कि उन्होंने इस टीम के साथ जीत हासिल की है। लेकिन टीम का क्या प्लान है, ये अभी किसी को नहीं पता। हमारे लिए यह कहना बहुत आसान है कि इस खिलाड़ी को खेलना चाहिए। लेकिन जिस विकेट पर उन्होंने खेला है, उसे देखते हुए उचित आकलन करना मुश्किल है, जैसे कि किसने अच्छा प्रदर्शन किया, किसने अच्छा प्रदर्शन नहीं किया।

# ईएसआईसी से अप्रैल में जुड़े 16.47 लाख नए कर्मचारी, 7.84 लाख युवाओं को मिला अवसर



नई दिल्ली ,20 जून। देश में हाल ही में 16 लाख से अधिक लोगों को रोजगार मिला है। रोजगार पाने वालों में बड़ी संख्या में युवा शामिल हैं। इसमें महिलाओं की भागीदारी भी अच्छी खासी है। केंद्रीय श्रम और रोजगार मंत्रालय के मुताबिक इसी साल अप्रैल में 16 लाख से ज्यादा नए कर्मचारी जुड़े हैं। यह जानकारी कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) के अनंतिम पे–रोल डेटा से पता चला है।

मंत्रालय के मुताबिक ईएसआईसी का पे–रोल का डेटा बताता है कि अप्रैल 2024 में कुल 16.47 लाख नए कर्मचारी जोड़े गए हैं। केंद्रीय श्रम और रोजगार मंत्रालय ने बुधवार को जानकारी देते हुए बताया कि अप्रैल 2024 में कर्मचारी राज्य बीमा योजना के सामाजिक सुरक्षा दायरे में लगभग 18,490 नए प्रतिष्ठान लाए गए हैं। मंत्रालय के मुताबिक इससे अधिक श्रमिकों की सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित हुई है।

उल्लेखनीय है कि आंकड़ों के माध्यम से पता चलता है कि राष्ट्र के युवाओं के लिए अधिक नौकरियां पैदा हुई हैं। उपलब्ध आंकड़े बताते हैं कि अप्रैल में जोड़े गए कुल 16.47 लाख कर्मचारियों में से 7.84 लाख कर्मचारी 25 वर्ष तक की आयु वर्ग के हैं। ये कुल पंजीकरण का लगभग 47.60 प्रतिशत हैं। केंद्र सरकार द्वारा जारी इन आंकड़ों और पेरोल डेटा का लैंगिकवार विश्लेषण बताता है कि अप्रैल 2024 में महिला कर्मचारियों की संख्या भी अच्छी खासी रही है। महिला कर्मचारियों का शुद्ध नामांकन 3.38 लाख रहा है।केंद्रीय श्रम और रोजगार मंत्रालय का कहना है कि महिला कर्मचारियों के अलावा, अप्रैल 2024 में ईएसआई योजना के तहत कुल 53 ट्रांसजेंडर कर्मचारियों ने भी पंजीकरण कराया है। यह हमारे समाज के हर वर्ग तक बीमा लाभ पहुंचाने के लिए ईएसआईसी की प्रतिबद्धता का परिचायक है। हालांकि, मंत्रालय ने यह भी बताया कि पे–रोल डेटा अनंतिम है, क्योंकि आंकड़ों के संकलन की प्रक्रिया लगातार चलती रहती है।

# मिश्रित वैश्विक संकेतों के बीच हल्की बढ़त के साथ खुले शेयर बाजार



मुंबई ,20 जून। भारतीय शेयर बाजार गुरुवार सुबह सीमित दायरे में थे। बाजार के बड़े सूचकांकों में करीब सपाट कारोबार हो रहा है। सुबह 9रू19 बजे तक निफ्टी पांच अंक की मामूली बढ़त के साथ 23,511 अंक पर और सेंसेक्स 48 अंक ऊपर 77,342 अंक पर था। बैंकिंग शेयरों में शुरुआती कारोबार में तेजी देखी जा रही है। निफ्टी बैंक 212 अंक या 0.41 प्रतिशत की बढ़त के साथ 51,618 अंक पर था।

सेंसेक्स में कोटक महिंद्रा बैंक, एचडीएफसी बैंक, टाटा मोटर्स, टाटा स्टील, टाइटन, अल्ट्राटेक सीमेंट, भारती एयरटेल और महिंद्रा एंड महिंद्रा में सबसे ज्यादा बढ़त रही। सन फार्मा, बजाज फाइनेंस, बजाज फिनसर्व, नेस्ले और एचसीएल टेक पर सबसे ज्यादा दबाव देखा गया।

छोटी और मझौली कंपनियों के शेयरों में भी सीमित दायरे में कारोबार हो रहा है। निफ्टी मिडकैप 100 सूचकांक 30 अंक या 0.06 प्रतिशत की तेजी के साथ 54,984 अंक पर और निफ्टी स्मॉलकैप 100 सूचकांक 17 अंक या 0.9 प्रतिशत की बढ़त के साथ 18,171 अंक पर है। सेक्टर के हिसाब से देखें तो पीएसयू बैंक, धातु, रियल्टी और निजी बैंक सूचकांक हरे निशान में हैं। वहीं, ऑटो, आईटी, फार्मा और एफएमसीजी में गिरावट है।

जानकारों का कहना है कि बाजार में सेक्टरोल बदलाव देखने को मिल रहा है। सही वैल्यूएशन वाले लार्जकैप बैंकिंग शेयरों में खरीदारी हो रही है। वहीं, पूंजीगत वस्तुओं, धातु, एफएमसीजी और टेलीकॉम में मुनाफावसूली हो रही है। बाजार के लिए अच्छी बात यह है कि विदेशी और घरेलू दोनों निवेशक खरीदारी कर रहे हैं।एशियाई बाजारों में मिलाजुला कारोबार हो रहा है। टोक्यो, शंघाई, हांगकांग और बैंकॉक के बाजार लाल निशान में हैं। वहीं, सोल और जकार्ता में बढ़त के साथ कारोबार हो रहा है। अमेरिकी बाजार बुधवार को तेजी के साथ बंद हुए थे।

# रिकार्ड हाई पर खुले शेयर बाजार, सेंसेक्स 106 अंक उछला



मुंबई ,20 जून। घरेलू शेयर बाजारों में तेजी का दौर जारी है। बुधवार को मुख्य सूचकांक रिकॉर्ड हाई पर खुले। शुरुआती कारोबार में ही सेंसेक्स और निफ्टी दोनों ने क्रमशरू 77,581 अंक और 23,630 अंक का नया कीर्तिमान बनाया। सुबह 9रू20 बजे तक, सेंसेक्स 106 अंक या 0.14 प्रतिशत उछलकर 77,448 अंक पर और निफ्टी 26 अंक या 0.11 प्रतिशत बढ़कर 23,595 अंक पर था।

बाजार में बैंकिंग शेयरों में तेजी देखी जा रही है। बैंक निफ्टी 343 अंक या 0.68 प्रतिशत बढ़कर 50,776 अंक पर था। लार्जकैप और स्मॉलकैप की अपेक्षा मिडकैप शेयरों में सीमित दायरे में कारोबार हो रहा है। निफ्टी मिडकैप 100 सूचकांक 31 अंक या 0.06 प्रतिशत की गिरावट के साथ 55,458 अंक और निफ्टी स्मॉलकैप 21 अंक या 0.12 प्रतिशत गिरकर 18,260 अंक पर है।

सेंसेक्स में इंडसइंड बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, जेएसडब्ल्यू स्टील, एचडीएफसी बैंक, एक्सिस बैंक, एसबीआई और कोटक महिंद्रा बैंक में सबसे ज्यादा तेजी रही। टाइटन, एलएंडटी, टेक महिंद्रा, पावर ग्रिड और एनटीपीसी में सबसे ज्यादा गिरावट रही।

चॉइस ब्रोकिंग में रिसर्च एनालिस्ट देवेन मेहता का कहना है कि वैश्विक बाजारों के समर्थन के कारण भारतीय शेयर बाजार सकारात्मक खुले हैं। निफ्टी में 23,500 अंक और फिर 23,450 अंक तथा 23,400 अंक अहम सपोर्ट लेवल हैं। वहीं, 23,650 एक रुकावट का स्तर है। अगर यह इसे तोड़ता है तो 23,800 अंक तक भी जा सकता है। बाजार में तेजी की एक वजह घरेलू और विदेशी निवेशकों की लिवाली भी है। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) के डेटा के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने मंगलवार को 2,569 करोड़ रुपये और घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) ने 1,555 करोड़ रुपये का निवेश किया था।

# गिल और आवेश को रिलीज करने पर राठौर ने कहा,टीम के चयन पर ही यह फैसला हो गया था



लौडरहिल (अमेरिका),16 जून। भारत के बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौर ने पुष्टि की है कि यात्रा रिजर्व खिलाड़ी शुभमन गिल और आवेश खान को टी 20 विश्व के ग्रुप चरण की समाप्ति के बाद रिलीज करने का फैसला उसी समय हो गया था जब टीम का चयन हुआ था।यह खबर थी कि गिल और आवेश कनाडा के खिलाफ आखिरी ग्रुप चरण मैच के बाद स्वदेश लौटेंगे जबकि रिंकू सिंह और खलील अहमद शेष टूर्नामेंट के लिए टीम के साथ रहेंगे।गिल और आवेश चार सदस्यीय यात्रा रिजर्व में रिंकू और खलील के साथ थे, वे आखिरी ग्रुप ए मैच के लिए भारतीय टीम के साथ फ्लोरिडा गए थे।

भारत का कनाडा के साथ मैच बारिश के कारण मैदान गीला होने से बिना कोई गेंद फेंके रद्द हो जाने के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में राठौर ने कहा, शुरुआत से ही यही योजना थी। जब हम अमेरिका आये थे तो चार खिलाड़ी भी टीम के साथ आये थे, मैच के बाद दो खिलाड़ी रिलीज कर दिए गए जबकि दो हमारे साथ वेस्ट इंडीज जाएंगे। टीम चुने जाने के समय से ही यह योजना बना ली गयी थी और हम उसी का पालन कर रहे हैं।कनाडा के खिलाफ शनिवार को बारिश से मैच रद्द हो जाने से मौजूदा टी20 विश्व कप में भारत का तीन मैचों से अजेय क्रम रुकने के बावजूद भारत सात अंकों के साथ ग्रुप ए में शीर्ष पर रहा। मैन इन ब्लू अब अपने सुपर आठ मैच खेलने के लिए वेस्टइंडीज जाएंगे।फ्लोरिडा के सेंट्रल ब्रोवार्ड रीजनल पार्क स्टेडियम टर्फ ग्राउंड में गीली आउटफील्ड के कारण मैच को रद्द करना पड़ा, जिससे उन्हें न्यूयॉर्क की मुश्किल पिच के बाहर अपने कौशल का प्रदर्शन करने का मौका मिल सकता था।गीले आउटफील्ड के कारण वॉशआउट के बाद राठौड़ बारबाडोस में अभ्यास के दिनों का इंतजार कर रहे हैं, जहां मैन इन ब्लू अपने सुपर आठ मैच में अफगानिस्तान से भिड़ेंगे।

फिर से, यह आदर्श नहीं है। यह बहुत अच्छा होता यदि हमें आज एक मैच मिल जाता। लेकिन अब स्थिति यही है। इसलिए, हम बारबाडोस में कुछ अच्छे अभ्यास दिनों की प्रतीक्षा कर रहे हैं और फिर मैच में उतरेंगे। इसलिए फिर, अब मैच एक दिन बाद एक साथ होंगे।

राठौड़ ने कहा, तो, एक टीम के रूप में मुझे लगता है कि हम तैयार हैं। हम इस तरह के शेड्यूल के आदी हैं, हमने पहले भी ऐसा किया है और मुझे यकीन है कि इस बार भी हम बहुत अच्छा करेंगे।

बेशक, मुझे लगता है कि यह प्रशंसकों के लिए निराशाजनक है, हां, लेकिन एक टीम के लिए भी हम वास्तव में एक मैच खेलने के लिए उत्सुक थे और हमें न्यूयॉर्क में जो मिला उससे बेहतर परिस्थितियों, बल्लेबाजी की स्थिति की उम्मीद थी। इसलिए एक टीम के रूप में मुझे लगता है कि यह महत्वपूर्ण था हमें एक मैच मिलना चाहिए था लेकिन फिर से कुछ ऐसा है जिसे हम नियंत्रित नहीं कर सकते, इसलिए, यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि हम यहां एक मैच नहीं जीत सके।

टूर्नामेंट में विराट कोहली के निराशाजनक फॉर्म के बारे में पूछे जाने पर, राठौड़ ने स्टार बल्लेबाज का समर्थन किया और कहा कि यह एक सकारात्मक संकेत है कि वह रनों के लिए भूखे हैं।

मुझे अच्छा लगता है मैं जब भी आता हूं तो विराट कोहली के बारे में सवाल होता है कि वह अच्छा कर रहे हैं या नहीं। बिल्कुल भी चिंता नहीं, कोई चिंता नहीं। वह जिस टूर्नामेंट से आए हैं, वहां से शानदार बल्लेबाजी कर रहे हैं। यहां जल्दी आउट होने से कुछ नहीं बदलता, वह वास्तव में अच्छी बल्लेबाजी कर रहे हैं।

वास्तव में, यह अच्छा है कि वह थोड़ा भूखा है, वह अच्छा करने के लिए उत्सुक है और वास्तव में बदल गया है। मुझे लगता है कि एक बल्लेबाज के रूप में यह एक अच्छी जगह है। कुछ अच्छे मैचों की प्रतीक्षा कर रहा हूं और उनसे कुछ अच्छी पारियों की उम्मीद कर रहा हूं।

सुपर आठ चरण के लिए टीम की तैयारियों के बारे में बात करते हुए राठौड़ ने कहा कि उनके पास किसी भी स्थिति से निपटने के लिए खिलाड़ी हैं।

फिर से, हमें एक लचीली टीम बनने की जरूरत है। हमें उन परिस्थितियों को देखने की जरूरत है जो हमारे सामने हैं और उनसे निपटने के लिए तैयार रहना होगा। इसलिए एक टीम के रूप में, मुझे लगता है कि हम वास्तव में लचीले होने जा रहे हैं। राठौड़ ने कहा, हमें उस दिन जैसी प्रतिक्रिया मिलेगी, हम उसी तरह प्रतिक्रिया देंगे। हमारी टीम में किसी भी तरह की स्थिति से निपटने के लिए पर्याप्त संसाधन हैं।

बल्लेबाजी कोच ने कहा कि वे मैदान पर किसी भी स्थिति से निपटने के लिए प्रत्येक विभाग में सर्वोत्तम संसाधनों से लैस हैं।

यह अच्छा है। आपको सभी प्रकार के विकेटों पर खेलने में सक्षम होना चाहिए। हमारे पास सभी प्रकार की परिस्थितियों में खेलने और अच्छा प्रदर्शन करने का कौशल है। इसलिए, हमें कठिन विकेट मिले हैं। उम्मीद है कि हमें टूर्नामेंट में अच्छे विकेट मिलेंगे और अगर हमें टर्निंग विकेट मिलते हैं या हमें कम स्कोर वाले मैच मिलते हैं, तो हमारी टीम उससे निपटने के लिए तैयार हैं।राठौड़ ने निष्कर्ष निकाला, मुझे लगता है कि इस समय टीम में हमारा संतुलन बहुत अच्छा है। सभी बल्लेबाज अच्छी बल्लेबाजी कर रहे हैं, गेंदबाज वास्तव में अच्छी गेंदबाजी कर रहे हैं, हमारे पास 4 स्पिन विकल्प हैं, हमारे पास पर्याप्त तेज गेंदबाज भी हैं। इसलिए, जो भी परिस्थितियां आती हैं, मुझे लगता है हम वास्तव में इससे निपटने के लिए सुसज्जित हैं। भारत 20 जून को बारबाडोस में अपने पहले सुपर आठ मैच में अफगानिस्तान से भिड़ेगा।

# साल्ट और बेयरस्टो की तूफानी पारी, इंग्लैंड ने सुपर-8 में वेस्टइंडीज को हराया



ग्रोस आइलेट (सेंट लूसिया), 20 जून। डिफेंडिंग चौंपियन इंग्लैंड ने टी20 विश्व कप 2024 के दूसरे सुपर–8 मैच में वेस्टइंडीज को 8 विकेट से हरा दिया। इंग्लिश टीम की इस जीत में फिल सॉल्ट और जॉनी बेयरस्टो ने अहम भूमिका निभाई।सेंट लूसिया के डैरेन सैमी स्टेडियम में इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी चुनी। टूर्नामेंट की सह–मेजबान वेस्टइंडीज ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 4 विकेट खोकर 180 रन बनाए।जवाब में इंगलैंड ने वेस्टइंडीज को 15 गेंद शेष रहते 8 विकेट से हरा दिया। जोस बटलर (25 रन) ने टीम को अच्छी शुरुआत दी। इसके बाद मोईन अली 13 रन बनाकर जल्द पवेलियन लौट गए। लेकिन फिल सॉल्ट ने टीम की पारी संभालते हुए सबसे ज्यादा रन बनाए। उन्होंने 47 गेंद पर 5 छक्के और 7 चौके जड़ते हुए नाबाद 87 रन की तूफानी पारी खेली। उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।इस दौरान उनका पूरा साथ जॉनी बेयरस्टो ने दिया। बेयरस्टो (नाबाद 48 रन) अपना अर्धशतक पूरा नहीं कर पाए लेकिन उनकी तेज पारी ने वेस्टइंडीज को मैच में बैकफुट पर धकेल दिया। फिल सॉल्ट और बेयरस्टो के बीच नाबाद 97 रनों की साझेदारी इस मैच का टर्निंग पॉइंट साबित हुई।

इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया था और मार्क वुड की टीम में वापसी हुई थी। ब्रैंडन किंग और जॉनसन चार्ल्स ने वेस्टइंडीज को एक ठोस शुरुआत दिलाई थी।किंग को बीच में ही मांसपेशियों में खिंचाव आया और उन्हें मैदान छोड़कर जाना पड़ा लेकिन निकोलस पूरन ने चार्ल्स के साथ मिलकर पहले अर्धशतकीय साझेदारी की और फिर रोवमन पॉवेल के साथ भी पूरन की साझेदारी पनपी। इन छोटी–छोटी साझेदारी के दम पर वेस्टइंडीज ने एक अच्छा टोटल सेट किया।वेस्टइंडीज ने इंग्लैंड को 181 रन का टारगेट दिया। वेस्टइंडीज की ओर से जॉनसन चार्ल्स 38, रोवमेन पॉवेल 36, निकोलस पूरन 36 और शेरफेन रदरफोर्ड नाबाद 28 रन बनाकर आउट हुए।वहीं ब्रैंडन किंग 23 रन बनाकर रिटायर्ड हर्ट हुए। इंग्लैंड की ओर से जोफ्रा आर्चर, आदिल रशिद, मोइन अली और लियाम लिविंगस्टोन को 1–1 विकेट मिला।

## सुशांत के फ्लैट में अदा शर्मा गुनगुना रहीं भजन



fi छले कुछ महीनों से अदा शर्मा के दिवंगत अपार्टमेंट में शिफ्ट होने की अटकलें अफवाहों

एक्टर सुशांत सिंह राजपूत के मुंबई स्थित लगाई जा रही हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने इन पर बात की और कन्फर्म किया कि वह चार महीने पहले ही इस घर में शिफ्ट हुई हैं। सुशांत सिंह राजपूत के घर से उनका एक लेटेस्ट वीडियो भी वायरल हुआ है। इसमें उन्हें भजन गाते हुए देखा जा सकता है। पॉपुलर पैपराजी हैंडल विरल भयानी की शेयर की गई एक क्लिप में अदा शर्मा को एक सफेद संगमरमर के स्टेज पर बैठे देखा जा सकता है। इसके पीछे पूजा का सामान है। एक सिंपल सफेद सलवार कमीज पहने हुए अदा शर्मा एक राम भजन गाती हैं। यह वीडियो इंस्टा पर आते ही सोशल मीडिया पर वायरल हो गया।

अदा शर्मा ने हाल ही में बताया किया कि वह अब अपने नए माहौल में पूरी तरह से घर जैसा महसूस करती हैं। बॉम्बे टाइम्स के साथ एक इंटरव्यू में अदा ने सुशांत सिंह राजपूत के घर होने के अपने फैसले के बारे में डिटेल से इसमें कहा गया कि कुछ लोगों ने उन्हें में शिफ्ट होने से रोकने की कोशिश की पहले फ्लैट (मोंट ब्लांक अपार्टमेंट, लेकिन मैं बस्तर और द केरल समेत अपने प्रोजेक्ट्स को प्रमोट मथुरा में हाथी अभयारण्य में कुछ छुट्टी मिली और मैं आखिरकार यहां

में शिफ्ट बताया। बांद्रा की प्रॉपर्टी थी। "मैं चार महीने बांद्रा) में शिफ्ट हुई थी स्टोरी की ओटीटी रिलीज करने में बिजी थी। इसके बाद मैंने समय बिताया। हाल ही में मुझे कुछ समय की आ गई।" महीनों से अदा शर्मा के दिवंगत एक्टर सुशांत सिंह राजपूत के मुंबई स्थित अपार्टमेंट में शिफ्ट होने की अटकलें लगाई जा रही हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने इन अफवाहों पर बात की और कन्फर्म किया कि वह चार महीने पहले ही इस घर में शिफ्ट हुई हैं। सुशांत सिंह राजपूत के घर से उनका एक लेटेस्ट वीडियो भी वायरल हुआ है। इसमें उन्हें भजन गाते हुए देखा जा सकता है।

अदा ने पूरे अपार्टमेंट को सफेद रंग से रंगकर इसे एक ताजा और शांत माहौल दिया। रिपोर्ट्स बताती हैं कि उन्होंने निचली मंजिल को एक शांत मंदिर में बदल दिया है। ऊपरी मंजिल पर एक कमरा म्यूजिक, दूसरा डांस स्टूडियो और छत को हरे–भरे बगीचे में बदल दिया गया है। ¼fgQh½

## रेखा का दिखा माडर्न अंदाज



j खा का नाम लें तो बॉलीवुड की सीनियर और वर्सेटाइल हीरोइन की दिलकश हीरोइन की तस्वीर जेहन में आती है। रेखा को पिछले कुछ साल से एक खास गेटअप में देखा जा रहा है। अपने पब्लिक अपीयरेंस में रेखा एक फाइन फैब्रिक की हैवी साड़ी में दिखाई देती है जिससे मैचिंग की रॉयल लुक वाली ज्वैलरी उनकी शान बढ़ाती है। साथ ही उनके बाल करीने से पीछे की तरफ बंधे हुए होते हैं। इस लुक को देखकर अगर आप सोचते हैं कि रेखा इसी लुक में खूबसूरत नजर आती हैं तो आप गलत हैं। वो वेस्टर्न लुक में भी उतनी ही सुंदर लगती हैं। स्टार रेट्रो टीवी ने रेखा का एक पुराना वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में रेखा किसी फंक्शन का हिस्सा बनी है जिसमें उनके हाथ में एक ट्रॉफी भी दिखाई देती है। इस कार्यक्रम का हिस्सा बनने के लिए रेखा बिलकुल काले लिबास में पहुंची। ये लिबास इंडियन ट्रेडिशनल नहीं है बल्कि वेस्टर्न आउटफिट है। जिसके साथ रेखा ने स्टाइलिश हेयर स्टाइल भी रखी है। उनके सामने के बाल पीछे लेकर पिन किए गए हैं। जबकि दोनों साइड से लेकर पीछे तक बहाल खुले हुए हैं। इस वेस्टर्न लुक में भी रेखा बेहद खूबसूरत नजर आ रही हैं। अक्सर रेखा कांजीवरम की गोल्डन रंग की साड़ी में दिखती हैं लेकिन उनका ये अंदाज देखकर फैन्स भी उन पर प्यार लुटा रहे हैं। ¼fgQh½

## मिस्टर एंड मिसेज माही की रफ्तार हुई धीमी, जाह्ववी-राजकुमार की फिल्म ने 9वें दिन कमाए 2.15 करोड़



जाह्नवी कपूर और राजकुमार राव की फिल्म मिस्टर एंड मिसेज माही 31 मई को रिलीज हुई थी. फिल्म को शानदार ओपनिंग मिली. जाह्नवी और राजकुमार राव की जोड़ी को फैंस ने काफी पसंद किया. हालांकि, अब फिल्म की कमाई में गिरावट देखने को मिल रही है. फिल्म 8 दिनों में तकरीबन 25 करोड़ की कमाई कर चुकी है.

शरन शर्मा के निर्देशन में बनी मिस्टर एंड मिसेज माही ने बॉक्स ऑफिस पर 6.75 करोड़ रुपये की ओपनिंग की थी। रिलीज के 8वें दिन इसने सबसे कम कमाई यानी सिर्फ 1. 3 करोड़ रुपये का ही कारोबार किया था।हालांकि, 9वें दिन इसने 2.15 करोड़ का कलेक्शन लिया। इस तरह मिस्टर एंड मिसेज ने अब तक 9 दिन में देशभर में 27.90 करोड़ रुपये कमा लिए हैं।यह फिल्म टिकट खिड़की पर बड़ी धीमी रफ्तार में आगे बढ़ रही है।

वहीं हाल ही में हॉरर कॉमेडी मुंज्या रिलीज हुई है और इस फिल्म को शानदार रिस्पॉन्स मिल रहा है. मुंज्या का असर भी मिस्टर एंड मिसेज माही पर देखने को मिला.मिस्टर एंड मिसेज माही एक स्पोर्ट्स ड्रामा है। क्रिकेट के प्रति राजकुमार का जुनून और प्यार के खातिर मैदान में उतरीं जाह्नवी की केमिस्ट्री की दर्शकों ने तारीफ की है।महेंद्र बने राजकुमार का बचपन से क्रिकेटर बनने का सपना है, लेकिन वह किसी वजह से यह ख्वाब पूरा नहीं कर पाता है।हालांकि, महेंद्र के ख्वाब को पूरा करने महिमा (जाह्नवी) मैंदान में आती है। पेशे से डॉक्टर महिमा अपने पति के सपनों को जीती है।

## शिल्पा शेट्टी ने देखे कई उतार-चढ़ाव



C, लीवुड की वो हसीना, जिसने अपने ठुमके से पूरे यूपी–बिहार को लूट लिया। जी हां, बात कर रहे हैं एक्ट्रेस शिल्पा शेट्टी की। शिल्पा आज बॉलीवुड की टॉप एक्ट्रेसेस में से एक हैं, लेकिन उनके लिए यहां तक पहुंचने का सफर आसान नहीं था। एक दौर वो भी था, जब उन्हें रिजेक्शन का सामना करना पड़ा था, लेकिन ये रिजेक्शन क्यों? ये कारण उन्हें कभी किसी ने नहीं बताए। अपने करियर के शुरुआती दौर में उन्हें काफी निराशा और हतोत्साह का सामना करने के बाद भी वो रुकी नहीं और उन्होंने फैसला किया कि वह वो करके ही दम लेगी, जिसके सपने उन्होंने देखे हैं। अब शिल्पा शेट्टी ने बॉलीवुड में अपनी पहचान बना ली है। शिल्पा शेट्टी ने ह्यूमन्स ऑफ बॉम्बे से अपने करियर और निजी जिंदगी के बारे में वो सब जाहिर किया था, जिनके बारे में कोई नहीं जानता। इंटरव्यू के दौरान जब उनसे पूछा गया कि करियर की शुरुआत कैसे हुई? इस सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि मैं सांवली, पतली और लंबी थी। ग्रेजुएशन के बाद मैं अपने पिता के साथ काम करना चाहती थी। हालांकि, मैं दिल से कुछ नया और बड़ा करना चाहती थी, लेकिन मैंने कभी नहीं सोचा था कि मुझे वह अवसर मिलेगा लेकिन, चीजें तब बदल गईं जब उन्होंने सिर्फ मनोरंजन के लिए एक फैशन शो में हिस्सा लिया। शिल्पा ने बताया कि एक फोटोग्राफर ने मुझे देखा और तस्वीरें लेने के लिए कहा। इस तरह मेरा ग्लैमर इंडस्ट्री से परिचय हुआ। उन्होंने बताया कि इसके तुरंत बाद मुझे मेरी पहली फिल्म का ऑफर मिला। उसके बाद से कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। मैं अपने करियर में ऊपर–नीचे होती रहती हूं, लेकिन कोई भी सार्थक चीज आसानी से नहीं मिलती। शिल्पा ने कहा कि जब मैं इंडस्ट्री में आई तब मैं 17 साल की थी और मैंने न तो दुनिया देखी थी और न ही जिंदगी को समझा था। उन्होंने कहा कि मुझे हिंदी बोलना नहीं आता था, इसलिए मैं कैमरे के सामने आने के ख्याल से घबरा जाती थी। कुछ फिल्मों के बाद मैं उस मुकाम पर पहुंच गई, जहां मेरा करियर खत्म हो गया। मैंने कई बार कोशिश की है, लेकिन मैं हमेशा पिछड़ती रही।

## थाई स्लिट स्कर्ट पहन हिना खान ने कराया बोल्ड फोटोशूट, कातिलाना अदाओं से इंटरनेट पर बरपाया कहर



टीवी एक्ट्रेस हिना खान इन दिनों अपनी लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरों के कारण सोशल मीडिया पर छाई हुई हैं। एक्ट्रेस जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनकी तस्वीरों पर अक्सर अपना दिल हार जाते हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट ग्लैमरस फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। इन तस्वीरों में उनका गॉर्जियस अंदाज देखकर फैंस आहें भरते हुए नजर आ रहे हैं।

एक्ट्रेस हिना खान जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम अकाउंट पर पोस्ट करती हैं तो फैंस अक्सर उनके हर एक लुक पर अपना दिल हार जाते हैं।

हाल ही में एक्ट्रेस ने अपनी लेटेस्ट फोटोशूट की बेहद शानदार तस्वीरें शेयर की हैं, जिसमें वो बेहद ही खूबसूरत नजर आ रही हैं।

हिना खान ने इस फोटोशूट के दौरान व्हाइट कलर की जैकेट और थाई स्लिट स्कर्ट पहनी हुई है, जिसमें वो अपना परफेक्ट फिगर फ्लॉन्ट करती हुई नजार आ रही हैं।

ओपन हेयर, हाई हील्स, कानों में इयररिंग्स और न्यूड मेकअप कर के एक्ट्रेस हिना खान ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है।

बता दें, एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम अकाउंट पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनकी तस्वीरों पर जमकर लाइक्स और कॉमेंट्स के जरिए अपने रिएक्शंस देते हैं।

हालांकि इन तस्वीरों में भी यूजर्स ने जमकर अपना प्यार बरसाया है। एक यूजर ने लिखा है– टू मच हॉट। वहीं दूसरे यूजर ने लिखा है– लुकिंग किलर बेब। तीसरे यूजर ने लिखा है– सो ग्लैमरस।

हिना खान सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। इंस्टाग्राम पर उनकी फैन फॉलोइंग लिस्ट काफी ज्यादा तगड़ी है।



## बिग बास ओटीटी 3 में एंट्री लेंगी नुपूर सेनन? एक्ट्रेस ने खुद बताया सच

बिग बॉस ओटीटी अपने तीसरे सीजन के साथ वापसी के लिए पूरी तरह से तैयार है और इस बार अनिल कपूर शो को होस्ट करने वाले हैं. अनिल कपूर का ये शो 21 जून से ओटीटी प्लेटफॉर्म जियो सिनेमा पर शुरू हो रहा है. बिग बॉस ओटीटी 3 को आप 24–7 देख सकते हैं. वहीं इस बार शो में जाने के लिए काफी सेलेब्स के नाम सामने आ रहे हैं. ऐसी खबरें आई थीं कि कृति सेनन की बहन नुपुर रियलिटी शो में एंट्री करती नजर आएंगी हालांकि, अब नूपुर ने खुद ही इन अफवाहों पर रिएक्ट किया है. उन्होंने कहा कि, ये महज अफवाहें है और उन्हें ये भी नहीं पता कि इस सब की शुरुआत कहां से हुई. नूपुर ने कहा कि उन्होंने कुछ आर्टिकल पढ़े हैं जिनमें कहा गया है कि उनसे पिछले सीजन के लिए भी संपर्क किया गया था और उन्होंने पहले कभी अपने बारे में ऐसी अफवाह भी नहीं सुनी थी. नूपुर से जब पूछा गया कि क्या वह रियलिटी शो में हिस्सा लेने के बारे में सोच रही हैं तो उन्होंने कहा कि, उन्हें नहीं लगता कि उनके पास इन सबके लिए समय है. इस शो में अगर चली गई तो मेरे सारे टेलर और मास्टर जी जब मुझे काम पर लंबे समय तक नहीं देखेंगे तो रोने लग जाएंगे. वहीं कृति ने भी कहा कि उनकी बहन नुपुर के रियलिटी शो में हिस्सा लेने की अफवाह उन तक भी नहीं पहुंची है. लेकिन अगर ये अफवाह हमारी बिग बॉस यानी उनकी मां गीता सेनन तक चली गई तो वो भी इसके लिए कभी हामी नहीं भरेंगी.वहीं इस शो को लेकर अनिल कपूर भी काफी एक्साइटेड है. उन्होंने अपनी एक्साइटमेंट जाहिर करते हुए कहा था कि, बिग बॉस ओटीटी और मैं एक ड्रीम टीम हैं. हम दोनों दिल से जवान हैं, लोग अक्सर कहते हैं मजाक में कि मैं रिवर्स एजिंग हूं, लेकिन बिग बॉस में ये खूबी है. ऐसा महसूस होता है जैसे स्कूल वापस जाना, कुछ नया और मजेदार ट्राई करना. मैं बिग बॉस में उसी एनर्जी को 10 गुना ज्यादा लाने जा रहा हूं. मैं इसमें अपना स्वाद लाने के लिए इंतजार नहीं कर सकता.

सिन्धु टाइम्स (हिन्दी दैनिक), स्वामी,प्रकाशक/मुद्रक–इमरान हसन सिद्दीकी द्वारा सीता ऑफसेट, 75 पुराना किला, कैण्ट रोड, लखनऊ। से मुद्रित कराकर 126/21/1, बी0एन0रोड, निकट इस्लामिया कालेज, लालबाग लखनऊ (उ0प्र0)–226021 से प्रकाशित। सम्पादक इमरान हसन सिद्दीकी R.N.I.NO.UPHIN/2010/39063,MOB.-9935403111, E-Mail:sindhutimes99@gmail.com फोन– 0522–4029211 (नोट–किसी भी वाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा।)